International Day of Yoga 21 June
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
RNI : DELHIN/2006/19302
वर्षः 19 अंकः 169 पृष्ठः 12   राष्ट्रीय संस्करण
actionindianews@gmail.com

# प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार को दी 5,918 करोड़ की सौगात




**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना/सीवान।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार में सीवान जिले के जसौली में राज्य को 5,900 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात दी। इसमें आवास, शहरी विकास, जल शक्ति, विद्युत और रेल से जुड़ी 28 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने 22 नगर विकास की परियोजनाओं, 6 सड़क परियोजनाओं और एक रेल परियोजना का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया, जिसकी कुल लागत 5,918 हजार करोड़ रुपये है। इसके साथ ही पीएम आवास योजना के तहत 53,666 बेघर लोगों को पहली किस्त दी गई। इन परियोजनाओं का मकसद बिहार के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के कई शहरों में 5,900 करोड़ रुपये की लागत से नमामि गंगे परियोजना के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और जलापूर्ति प्रोजेक्ट्स की शुरूआत की। सीवान की धरती से पीएम मोदी ने कुल 28 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में जलापूर्ति और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट शामिल हैं। इनका उद्देश्य बिहार के लोगों को बेहतर सुविधाएं देना है। इन परियोजनाओं से बेगूसराय, छपरा, बक्सर, मोतिहारी, सासाराम, सीवान और आरा जैसे शहरों को फायदा होगा। साथ ही, बिहार के ग्रिड सब-स्टेशनों पर 500 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली भी स्थापित की जाएगी।

**कौन-कौन रहे मौजूद-** इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह, केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित एनडीए के कई नेता उपस्थित रहे।

### बिहार को प्रधानमंत्री की सौगात

- एसटीपी और सीवरेज प्रोजेक्ट के शिलान्यास के जरिये प्रधानमंत्री मोदी ने बेगूसराय को दी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की सौगात दी है।
- सीवान को स्वच्छता और सुविधा का संबल देते हुए 480 करोड़ की लागत से बनने वाली सीवान सीवरेज नेटवर्क ट्रीटमेंट प्लांट तथा जलापूर्ति योजना की आधारशिला रखी।
- पूर्वी चंपारण के रक्सौल में नाली व्यवस्थापन व सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की पीएम मोदी द्वारा आधारशिला रखी गई। यह परियोजना शहर को स्वच्छ बनाएगी और गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान प्रदान करेगी।
- प्रधानमंत्री मोदी ने बक्सर के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नींव रखी। सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन प्रोजेक्ट और आईएंडडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, जिससे शहर का गंदा पानी साफ होगा, नालियों का उचित प्रबंधन होगा और बक्सरवासियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा।

## बिहार के विकास में केंद्र सरकार का अहम योगदान : नीतीश कुमार



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सीवान जिला के पचरुखी प्रखण्ड अन्तर्गत जसौली खर्ग में 5,900 करोड़ रुपए से अधिक की आवास, शहरी विकास, जल शक्ति, विद्युत और रेल से जुड़ी 28 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार बहुत काम कर रही है। केंद्र की सहायता से बिहार में विकास का काम तय समय में पूरा हो रहा है। राज्य के विकास में केंद्र सरकार का अहम योगदान है। मुख्यमंत्री नीतीश ने आज जनसभा में कहा कि जुलाई 2024 के बजट में केंद्र सरकार ने बिहार को विशेष आर्थिक सहायता के रूप में सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन और बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा की।
उन्होंने कहा कि इसके बाद फरवरी, 2025 के केन्द्रीय बजट में बिहार के लिए मखाना बोर्ड, एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता देने की घोषणा की गई है। 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के आयोजन का जिम्मा पहले 6 राज्यों को मिल चुका था लेकिन इस बार केंद्र सरकार ने बिहार को यह जिम्मा दिया, जो गौरव की बात है।

## यह सम्मेलन द्रमुक सरकार को सत्ता से हटाने और बदलाव की शुरूआत का संकेत हैः शाह



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

## बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र 21 से 25 जुलाई तक

**पटना।** बिहार विधानमंडल का बहुप्रतीक्षित मानसून सत्र 21 जुलाई 2025 से प्रारंभ होगा और 25 जुलाई तक चलेगा। 17वें विधानसभा का संभवतः अंतिम सत्र हो सकता है, क्योंकि सितम्बर-अक्टूबर 2025 में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस संदर्भ में यह सत्र चुनाव पूर्व की रणनीति और नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाएंगे, जिनमें जनता के हित से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान रहेगा।

## 'क्रैश करा दूंगी फ्लाइट' धमकी देने वाली महिला यात्री गिरफ्तार




**गिरफ्तार**
- बेंगलुरु से सूरत के लिए उड़ान भरने वाली थी फ्लाइट
- शिकायत के बाद महिला को विमान से उताया गया नीचे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** एअर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट में केबिन क्रू के साथ कथित तौर पर गलत व्यवहार करने और विमान को क्रैश कराने की धमकी देने के मामले में बेंगलुरु पुलिस ने 36 वर्षीय महिला डॉक्टर को हिरासत में लिया। यह घटना मंगलवार को दोपहर करीब 2.30 बजे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एअरपोर्ट से सूरत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने से कुछ मिनट पहले हुई।
**क्या है मामला ?:** दरअसल, महिला यात्री हीरल मोहनभाई की सीट 20ऋथी, लेकिन महिला ने पहली पंक्ति में ही अपना सामान रख दिया था। जिसके बाद केबिन क्रू ने बैग को अपनी सीट के पास ओवरहेड कम्पार्टमेंट में रखने को कहा तो महिला यात्री ने मना कर दिया।
इसके बाद महिला ने बैग को खुद रखने की बजाय केबिन क्रू से मांग की कि उसका बैग उसकी सीट पर रख दिया जाए। क्रू द्वारा बार-बार अनुरोध किए जाने और पायलट के भी हस्तक्षेप के बावजूद महिला यात्री ने अपना बैग वहां से हटाने से इनकार कर दिया और कथित तौर पर दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया।
**महिला ने साथी यात्रियों पर भी चिल्लायाः** इस दौरान कई साथी यात्रियों ने हीरल मोहनभाई को समझाने की कोशिश की तो महिला ने उन लोगों पर भी चिल्लाना शुरू कर दिया।

## मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक शूलिनी मेले का शुभारम्भ किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज सोलन में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ऐतिहासिक शूलिनी मेले का शुभारम्भ किया। माता शूलिनी को समर्पित यह मेला आस्था और भक्ति का जीवंत उदाहरण है। सदियों की परम्पराओं को प्रतिबिम्बित करते हुए यह मेला माता शूलिनी और उनकी बड़ी बहन देवी दुर्गा के मिलन का प्रतीक है। उत्सव का मुख्य आकर्षण देवी की पालकी यात्रा है। सोलन की सड़कों पर कतारबद्ध खड़े आस्था के भाव से परिपूर्ण हजारों श्रद्धालुओं ने माता शूलिनी का आशीष प्राप्त किया। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के लोगों की सुख समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। आध्यात्मिक माहौल में मुख्यमंत्री ने शहर के मुख्य क्षेत्रों से गुजरने वाली शोभा यात्रा में भाग लिया। चौक बाजार में माता शूलिनी की पालकी के आगमन पर उन्होंने श्रद्धा भाव से फूल बरसाए। उन्होंने प्रदेश के लोगों को शूलिनी मेले की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।
मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मेला समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया।
इससे पूर्व, सोलन के उपायुक्त एवं मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया तथा उन्हें सम्मानित किया।
इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल (डॉ.) धनी राम शांडिल, विधायक राम कुमार चौधरी, बावा हरदीप सिंह व सुरेश कुमार, बघाट सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण शर्मा, जोगिन्द्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, नगर निगम सोलन की मेयर ऊषा शर्मा, कांग्रेस नेता सुरेन्द्र सेठी व शिव कुमार, पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## गरीबों स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना केंद्र की प्राथमिकताः शाह




**उद्घाटन**
- श्री आदिचुंचनगिरी महासंस्थान मठ में बीजीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भवन का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**बेंगलुरु।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को श्री आदिचुंचनगिरी महासंस्थान मठ में बीजीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भवन का उद्घाटन किया। यह सुपरस्पेशलिटी अस्पताल 1000 बिस्तरों वाला है और यहां लोगों को गंभीर बीमारियों का भी निःशुल्क इलाज मिल सकेगा। अमित शाह ने अस्पताल प्रबंधन के इस पहल की सराहना की है। बीजीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भवन का उद्घाटन समारोह में बोलते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह अत्यंत सराहनीय है कि यह अस्पताल गरीबों को मुफ्त और कम लागत पर इलाज उपलब्ध करा रहा है। यही मानवता का सच्चा रूप है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भी गरीबों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाएं लागू की हैं। आयुष्मान भारत योजना भी एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो गरीब परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है। इसके तहत अब तक 7 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मिशन इन्द्रधनुष नामक योजना, जो 15 वर्ष तक के बच्चों को आवश्यक टीके उपलब्ध कराती है, उसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की प्रमुख 'स्वच्छ भारत' योजना के तहत 12 करोड़ घरों में शौचालय उपलब्ध कराए



देहरादून, उत्तराखंड के राष्ट्रपति निकेतन में राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला रखते हुए भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू।

## 45 दिनों बाद नहीं मिलेगी चुनाव आयोग की वीडियो फुटेज, दिए गए नष्ट करने के निर्देश




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने अपने वीडियो फुटेज का दुरुपयोग कर चुनाव को लेकर दुष्प्रचार फैलाने की आशंका के चलते राज्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि किसी चुनावी परिणाम को 45 दिनों के भीतर अदालत में चुनौती नहीं दी जाती है, तो चुनाव प्रक्रिया में इस्तेमाल हुए सीसीटीवी कैमरा, वेबकास्टिंग और वीडियो फुटेज को नष्ट कर दिया जाए। 30 मई को सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को भेजे गए एक पत्र में चुनाव आयोग ने कहा कि उसने चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को रिकार्ड करने के लिए कई रिकार्डिंग उपकरणों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं।
इनमें फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरे और वेबकास्टिंग आदि शामिल है। हालांकि, चुनावी कानून ऐसी रिकार्डिंग करने की अनिवार्यता नहीं रखते हैं। आयोग इन्हें चुनावी प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में आंतरिक प्रबंधन उपकरण के रूप में उपयोग करता है।

**यह केंद्र युवाओं को रोजगार से जुड़ी आधुनिक, समसामयिक और महत्त्वपूर्ण जानकारी तथा मार्गदर्शन प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा।**

## सीएम ने सोलन में मॉडल करियर सेंटर परियोजना का लोकार्पण किया



**आत्मनिर्भर**
- सीएम ने 2.27 करोड़ रुपये की लागत से आबकारी एवं कराधान विभाग के कार्यालय का भी लोकार्पण किया।

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज सोलन जिला के जटोली में 5.32 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित मॉडल करियर सेंटर का उद्घाटन किया। यह केंद्र युवाओं को रोजगार से जुड़ी आधुनिक, समसामयिक और महत्त्वपूर्ण जानकारी तथा मार्गदर्शन प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा।
इस केंद्र में करियर परामर्श, स्किल मैपिंग, साक्षात्कार की तैयारियां तथा सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार की जानकारी समय पर उपलब्ध होगी। यह प्रदेश सरकार की युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगा।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 2.27 करोड़ रुपये की लागत से आबकारी एवं कराधान विभाग के नवनिर्मित कार्यालय का भी लोकार्पण किया। विभाग की दो शाखाओं के पुनर्गठन के बाद इस भवन में कर्मचारियों के लिए सुविधाजनक कार्यालय और आमजन के लिए बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी।
ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नगर निगम सोलन द्वारा 44.99 लाख रुपये की लागत से निर्मित एनिमल बर्थ कन्ट्रोल (एबीसी) सेंटर का भी उद्घाटन किया। यह सेंटर वैज्ञानिक तरीके से आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस केंद्र में आधुनिक ऑप्रेशन थियेटर और पशु चिकित्सा से सम्बंधित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

## योग भगाए रोगः योग दिवस से पहले पतंजलि ने शुरू किया जागरुकता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** 21 जून 2025 को होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पतंजलि योगपीठ ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में एक बड़ा जागरुकता अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य है लोगों को योग और उससे होने वाले अनेकों स्वास्थ्य लाभों से अवगत कराना जिससे वह योग को अपनी दिनचर्या में अपनाकर एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जी सकें। 21 जून को कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर में होने वाले इस कार्यक्रम को योग गुरु बाबा रामदेव के मार्गदर्शन और हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग के सहयोग से चलाया जा रहा है। इस मुहिम का मकसद है ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करना और उन्हें इस अभियान का हिस्सा बनाना जिससे यह 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्य और ऐतिहासिक बन जाये।
पतंजलि योग समिति के राष्ट्रीय समन्वयक भाई राकेश कुमार भारत के मुताबिक, इस साल के कार्यक्रम में पूरे देश से एक बड़ी संख्या में योग प्रेमियों के भाग लेने की उम्मीद है। भीषण गर्मी के बावजूद, पतंजलि के कार्यकर्ता कुरुक्षेत्र के हर घर और गांव जा-जाकर लोगों को योग के प्रति जागरुक कर रहे हैं। वे योग सत्रों के आयोजन से लेकर समुदायों से बात करने और लोगों को मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण देने तक सभी कोशिशें कर रहे हैं जिससे इस आयोजन को सफल बनाया जा सके।

# निपुण हरियाणा मिशन में बेहतरीन कार्य करने वाले 36 जेबीटी शिक्षक सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला अंबाला में निपुण हरियाणा मिशन के तहत कक्षा एक से तीन के बच्चो को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए खंड शहजादपुर के 36 प्राथमिक शिक्षकों को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह खंड शिक्षा अधिकारी नरोत्तम कुमार की अध्यक्षता में शहजादपुर के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित किया गया ' इस अवसर पर उपस्थित सभी प्राथमिक शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने कहा कि वर्ष 2025 की असर सर्वे की रिपोर्ट में मौलिक शिक्षा के मामले में सोनीपत और रेवाड़ी के बाद अम्बाला जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा है और यह तब हुआ है जब जिले के 478 प्राथमिक स्कूलों में से 200 प्राथमिक पाठशालाएं एकल अध्यापक विद्यालय है। उन्होंने बताया कि अम्बाला जिला के सभी 478 प्राथमिक स्कूलों की मेगा मोनिटरिंग के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अम्बाला कार्यालय द्वारा एक सर्वे कराया गया था जिसमे अध्यापकों की कार्यकुशलता को देखने के लिए 6 गतिविधियों का एक टूल बनाया गया था जिसमे प्रत्येक गतिविधि के लिए अधिकतम 10 अंको का प्रावधान किया गया था ' यानि सभी 6 गतिविधियों के लिए अधिकतम 60 अंकों का प्रावधान किया गया था। इन गतिविधियों में अध्यापक द्वारा शिक्षक संदर्शिका, बच्चों की वर्क-बुक व स्किल पास-बुक, अल्प मूल्य वाले टी०एल०एम० (शिक्षण अधिगम सामग्री), कक्षा कक्ष का प्रिंट रिच वातावरण और बच्चों का समग्र अधिगम विकास जैसी गतिविधियाँ शामिल की गयी थी। इस मेगा मोनिटरिंग सर्वे में जिन अध्यापकों ने अधिकतम 60 अंकों में से कुल 48 या अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन सभी 124 अध्यापकों को उत्कृष्ट अध्यापक मानते हुए सम्मानित करने की योजना बनाई गई है। अंबाला - 2 के 38 शिक्षकों को पूर्व में सम्मानित करने के बाद आज के समारोह में खंड शहजादपुर के 36 बेहतरीन अध्यापकों को सम्मानित किया जा रहा है। शेष अध्यापकों को भी शीघ्र ही उनके खंड मुख्यालय पर जाकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय शहजादपुर के प्रांगण में पौधरोपण भी किया। नीरा बाला, नीति रानी, पूजा, संतोष कुमारी, मीनाक्षी गुप्ता, हरप्रीत कौर, जुल्फिकार अली, प्रवीण कुमारी, सुषमा देवी, मोनिका गुप्ता, जगजीत कौर, राम करण, सरिता, संदीप, सचिन गोयल, रजनी बाला, सुमन लता, संजीव कुमार, अमिता, नीलम, अंजना शर्मा, सुरजीत सिंह, प्रीतपाल कौर, विजय कुमार, शिव चरण, राजेश कुमार, आरती वर्मा, डिंपल, दर्शना, वीना, रजनी, रेखा देवी, मोनिका, हरजीत कौर, रजनी तथा मीनाक्षी।


## उत्तर रेलवे
### शुद्धिपत्र

संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 05/2025–26 दिनांक 17.04.2025
ii) निविदा संख्या 15245006A, 14.07.2025 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, 01 संलग्न दस्तावेजों को हटा दिया गया है और 02 नए दस्तावेजों को संलग्न किया गया है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1837/25



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा
### धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इमरान पुत्र** इशरार **निवासी** मकान नं. A-4/53, A-ब्लॉक, सुल्तानपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 233/19, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन मोती नगर, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 233/19, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन मोती नगर, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **इमरान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सुकृति सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04 (पश्चिम),
कमरा नं0 268, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/7844/WD/2025 (Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### धारा 82 Cr.PC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **1. सोमबीर पुत्रः स्व. मुरारी, निवासीः मकान नं. C-255, 1B, बेगमपुर, दिल्ली, 2. बीरमति, पत्नी मुरारी, निवासीः मकान नं. C-255, 1B, बेगमपुर, दिल्ली, और 3. प्रिया, पुत्रीः मुरारी, निवासीः मकान नं. C-255, 1B, बेगमपुर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.394/2016 U/S 489A/406/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना कंझावला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **सोमबीर, बीरमति और प्रिया** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **सोमबीर, बीरमति और प्रिया** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा कि **FIR No.394/2016 U/S 489A/406/34 IPC, थाना कंझावला, दिल्ली** के आरोपी उक्त **सोमबीर, बीरमति और प्रिया** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **21.07.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री ऐश्वर्या शर्मा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, माहिया कोर्ट-01
कमरा संख्या 106, प्रथम तल, उत्तर–पश्चिम जिला
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/8066/RD/2025 (अदालती मामला)



## उत्तर रेलवे
### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77255171 | स्टील चिप्स | 120 एम टी | 14.07.2025 |
| 02 | 09253052 | एल्युमीनियम पेंट | 41908 लीटर | 14.07.2025 |
| 03 | 14240871 | रेड डाई पेनटरांट किट | 18585 सेट | 15.07.2025 |
| 04 | 77259040 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर मैटल लाइनर (टी 8748) | 3003060 नग | 17.07.2025 |
| 05 | 07253453 | सेकेंडरी स्प्रिंग (आउटर) | 230 नग | 17.07.2025 |
| 06 | 07251152 | हेड स्टॉक कम्पलीट | 86 नग | 18.07.2025 |
| 07 | 09253039 | किट ऑफ पिऊ पैंट्स | 576 सेट | 28.07.2025 |
| 08 | 09252120 | स्ट्राइकर कास्टिंग | 870 नग | 28.08.2025 |

निविदा शर्ते– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं.: 24/2025-2026 दिनांक 20.06.2025 1859/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# योग कार्यक्रम में खेल विभाग की रहेगी अहम भूमिकाः संजीव



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के राज्यस्तरीय कार्यक्रम को ऐतिहासिक व सफल बनाने में खेल विभाग की अहम भूमिका रहेगी। खेल विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य को निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करेंगे, किसी भी ड्यूटी में जिस भी अधिकारी या कर्मचारी की कोताही मिली तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हरियाणा खेल विभाग के डीजी एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा शुक्रवार को न्यू लघु सचिवालय के सभागार में खेल विभाग के अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले डीजी संजीव वर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी

**दिशा-निर्देश**

**खेल विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य को निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करेंगे**

व हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य के साथ राज्य स्तरीय योग महोत्सव को लेकर विभाग द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 21 जून को ब्रह्मसरोवर परिसर व मेला ग्राउंड में राज्यस्तरीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे और योग गुरु स्वामी रामदेव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।


## उत्तर रेलवे
### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व० मण्डल बिजली इंजीनियर/टी. आर.एस, इलेक्ट्रिक लोको शेड, खानआलमपुरा यार्ड, सहारनपुर निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर रजिस्टर्ड/पंजीकृत निविदाकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| खुली निविदा संख्या | ई.एल.एस.–एस.आर.ई.–25–26–टी–04 |
| कार्य का विवरण | भारत में किसी भी स्थान से किसी भी स्थान तक रेलवे सामग्री का परिवहन, जीएसटी और अन्य सभी शुल्कों सहित। |
| समापन/खोलने की तिथि | 16.07.2025 |
| लगभग लागत | रू 61,60,450/– |
| अर्नेस्ट मनी | रू 1,23,200/– |
| समापन अवधि | दो वर्ष |
| वैधता अवधि | 60 दिन |
| निविदा फॉर्म की लागत | आई० आर० ई० पी० एस० से डाउनलोड हेतु निःशुल्क तथा रुपये 5000/– Sr.DEE/TRS/SRE ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए। |

1. वर्क्स निविदाएं की ई–टेंडरिंग में भाग लेने के निविदाकारों के पास क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए। 2. निविदाकर्ता को सभी पात्रता संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 3. सभी कर वर्तमान नियम के अनुसार लागू होंगे। 4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें।
संख्याः ई.एल.एस.–एस.आर.ई.–25–26–टी–04 दिनांक 19.06.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1846/25



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **सन्नी, पुत्रः राजेश, निवासीः पोल नंबर एनजेएफजी 62 के पास परिसर, जी/एफ, जाटव मोहल्ला, नजफगढ़, पोल नंबर एनजेएफजी 562 के पास, नई दिल्ली–110043** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **Ct. Cases No.835/2021 U/S 135 भारतीय विद्युत अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना नजफगढ़, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **सन्नी** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **सन्नी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा कि **Ct. Cases No.835/2021 U/S 135 भारतीय विद्युत अधिनियमए थाना नजफगढ़, दिल्ली** के अभियुक्त **सन्नी** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **22.07.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार विनोद कुमार मीना
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश,
दक्षिण पश्चिम, द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली
DP/7986/DW/2025 (अदालती मामला)



## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-24-2025 | दिनांक 03.07.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), आदर्श नगर (पी आर एस), कुरुक्षेत्र 1st Entry, दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW parking), बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरुक्षेत्र (Site-1), कुरुक्षेत्र (Site-2), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहबाद मारकंडा, गाजियाबाद (सिटी साइड), नया गाजियाबाद, कुरुक्षेत्र 2nd Entry, सबौली हाल्ट = कुल 16 साइटें |
| Parking-25-2025 | दिनांक 04.07.2025 को 11:00 बजे | दिल्ली, 2nd प्रवेश (KGS Side) (2850 वर्ग मीटर मिक्स्ड पार्किंग) = कुल 01 साइट |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होंगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता 4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली – 110055, Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084 |

संख्या: 23 AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 19.06.2025 1840/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल अग्रवाल पुत्र राम सिंह अग्रवाल, निवासी मकान संख्या 35, सेक्टर–37, फरीदाबाद, हरियाणा** ने **FIR No. 80/2007, U/S 408/419/420/468 IPC, अन्तर्गत थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल अग्रवाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल अग्रवाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचनें के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 80/2007, U/S 408/419/420/468 IPC, अन्तर्गत थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विशाल अग्रवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री पी भार्गव राव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
पूर्वी जिला, कोर्ट संख्या 03
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/8056/SHD/2025(Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### (धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मोहन सिंह** पुत्र शकल सिंह, निवासी- मकान नंबर बी-250, गली नंबर 4, एकता विहार, जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट -1, ज्ञान मंदिर रोड के पास, जैतपुर, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 119/2023 धारा 27/61/85 एनडीपीएस अधिनियम, थाना जैतपुर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहन सिंह** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहन सिंह** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मोहन सिंह, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 119/2023 धारा 27/61/85 एनडीपीएस अधिनियम, थाना जैतपुर, नई दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
सुश्री छवि बंसल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11
दक्षिण पूर्व
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/7556/SE/2025



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### (धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **कुनाल दीवान** पुत्र राज कुमार दीवान, निवासी- खसरा नंबर 77, शिव मंदिर के पास, पुरानी गढ़ी मेंडू, गाँव खजूरी खास, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 250/2023 धारा 380/411/34 भा.द.स, थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुनाल दीवान** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुनाल दीवान** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **कुनाल दीवान, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 250/2023 धारा 380/411/34 भा.द.स, थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
श्री गौरव गोयल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-06
कमरा नं 247
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली
DP/7160/N/2025


# पुलिस जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**रोहतक।** पीजीआई के पोस्टमार्टम हाउस के बाहर एक पुलिसकर्मी ने शुक्रवार की सुबह अपनी सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। जांच पड़ताल के दौरान सामने आया है कि पुलिसकर्मी झज्जर में तैनात था, पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। बाद में सूचना पाकर डीएसपी व एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब साढे आठ बजे एक व्यक्ति ने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर गोली मारकर आत्महत्या कर ली।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मै जो कि बलेश पुत्र श्री राम निवासी गाँव दातोली तह० गन्नौर जिला सोनीपत ब्यान करता हूँ मेरा लडका देवेन्द्र व उसकी पत्नी कविता मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है और उन दोनों अपनी मनमानी करते है। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल व संबंध विच्छेद करता हूँ। आज के बाद अगर कोई उपरोक्त दोनों से कोई लेन देन या व्यवहार करता तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रताप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक, नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

हरियाणा सरकार | हरियाणा सरकार



## " एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग "

"योग एक ऐसे स्वस्थ और सामर्थ्यशाली समाज का निर्माण करता है, जिसकी सामूहिक ऊर्जा कई गुना ज्यादा होती है।"

**- नरेन्द्र मोदी**

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

# 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## 21 जून, 2025

### योग युक्त हरियाणा नशा मुक्त हरियाणा

**आयुष विभाग, हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा**

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम
का आयोजन

मुख्य अतिथि

**श्री बंडारू दत्तात्रेय**
राज्यपाल, हरियाणा

**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

योग निर्देशन

**योग गुरु स्वामी रामदेव जी**

अध्यक्षता

**कुमारी आरती सिंह राव**
आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा

21 जून, 2025 । प्रातः 5 बजे । ब्रह्म सरोवर, कुरुक्षेत्र

**इस अवसर पर 1 लाख से अधिक योग साधक लेंगे भाग और बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड**



**प्राणायाम और योगध्यान**
स्वस्थ तन, मन ऊर्जावान

**हरियाणा के सभी 121 खण्डों तथा 22 जिलों में होगा योग प्रतियोगिताओं का आयोजन जिसमें 10 लाख से अधिक योग साधक लेंगे भाग**

## आप सभी सादर आमंत्रित हैं

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

# झुग्गी-बस्तियों के पुनर्विकास के लिए धारावी मॉडल का

दिल्ली में झुग्गी बस्तियों का पुनर्विकास

**एमसीडी**

- धारावी मॉडल का अध्ययन कर रही सरकार
- सुरक्षा की जिम्मेदारी सबकी मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार शहर में झुग्गी बस्तियों के पुनर्विकास के लिए मुंबई के धारावी मॉडल का अध्ययन कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां की 675 झुग्गी-बस्तियों के पुनर्विकास की व्यवस्था करेंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन लोगों को मकान मिल चुके हैं, उन्हें झुग्गियां छोड़नी पड़ेंगी। रेल लाइन पर झुग्गियां बनाने वालों के लिए सरकार कुछ नहीं कर सकती है। यह बातें मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को शालीमार बाग विधानसभा के कस्तूरबा पॉलिटेक्निक के निर्माण कार्य का उद्घाटन के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ने आज पीतमपुरा से लेकर आंबेडकर नगर के रैन बसेरा तक चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण और कई नई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट पर कहा कि जो समस्याएं वर्षों से समाधान की राह देख रही थीं, उन समस्याओं को समाधान की दिशा में आज कदम उठाया गया है। क्षेत्र में 17 लाख एवं 27 लाख की लागत से दो नए पंप हाउस का लोकार्पण किया गया, जो जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान देंगे। साथ ही हैदरपुर गांव में नए नाले, सीवर और सड़कों का कार्य तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि दिल्ली में विकास का अर्थ सिर्फ योजनाएं नहीं, बल्कि हर गली, हर कॉलोनी और हर नागरिक के जीवन में सहूलियत और समृद्धि लाना है। दिल्ली को सुंदर, व्यवस्थित एवं सुविधासम्पन्न बनाना है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आज शालीमार बाग में आत्मयोग संस्थान द्वारा आयोजित योग, ध्यान एवं चिकित्सा शिविर में सहभागी हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि योग भारत की अद्वितीय सांस्कृतिक धरोहर है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को स्थिरता और आत्मा को चेतना प्रदान करता है। यह अनुशासन, संतुलन और आत्मसंवाद का अमूल्य माध्यम है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली के 11 प्रतिष्ठित स्थलों पर वे, दिल्ली सरकार के मंत्री और दिल्ली के सांसद, आम नागरिकों के साथ मिलकर योग साधना करेंगे। उन्होंने सभी से आग्रह है कि अधिकतम संख्या में

## एनडीएमसी का संपत्ति कर के बिल जारी

# योग, हमारी सांस्कृतिक पहचान और अच्छे स्वास्थ्य की मूलधारा

**आपदा**

~~इमारत के ढहते ही छह मजदूर बाहर आ गए। इनमें से दो घायल हो गए। यह तीन मंजिला इमारत थी।~~

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से एक दिन पूर्व सिविक सेंटर, सेंट्रल प्लाजा में योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास से आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और



स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि योग, हमारी सांस्कृतिक पहचान और अच्छे स्वास्थ्य की मूलधारा है। कुछ मिनट के योग अभ्यास करने से भारत को रोग मुक्त बनाया जा सकता है। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग आज वैश्विक मंच पर भारत की जीवनशैली का प्रतीक बना है। सिंह ने 21 जून को सभी दिल्लीवासियों से योग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आइए एक साथ मिलकर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य का जश्न मनाएं। उन्होंने दिल्लीवासियों से कहा कि योग को अपनाएं, स्वस्थ दिल्ली बनाएं।

## दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने मुखर्जी नगर वार्ड में डेंगू एवं मलेरिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को नागरिकों को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूक करने के लिए डेंगू एवं मलेरिया जागरूकता अभियान की शुरूआत मुखर्जी नगर वार्ड में किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर राजा इकबाल सिंह ने मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए सावधानीपूर्वक उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर एंटी डेंगू व मलेरिया ऑपरेशन चलाया जा रहा है। महापौर ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य को इन रोगों की रोकथाम के उपायों की जानकारी देना और स्वच्छ, मच्छर मुक्त वातावरण बनाए रखने के महत्व को उजागर करना है। उन्होंने आरडब्ल्यूए सदस्यों से अपील की कि वे मच्छर नियंत्रण के लिए सक्रिय रूप से सहयोग करें। इस अवसर पर

## ऑपरेशन ₹कवच 8.0₹ के तहत उत्तर-पश्चिम

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले में अपराध पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे "ऑपरेशन कवच 8.0" के तहत पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 24 घंटे में 37 जगहों पर छापेमारी कर कई अपराधियों को गिरफ्तार किया और अवैध सामग्री जब्त की। डीसीपी भीष्म सिंह ने शुक्रवार को बताया कि ऑपरेशन कवच के तहत 13 नशा तस्करों को पकड़ा गया, जिनके पास से कुल 5.27 किलो गांजा बरामद हुआ। ये तस्कर इलाके में नशे की सप्लाई में लिप्त थे और लंबे समय से पुलिस की रडार पर थे। इसी क्रम में अवैध शराब के धंधे पर लगाम लगाते हुए, पुलिस ने 274 लीटर अवैध देसी शराब जब्त की और 19 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। यह शराब आसपास के राज्यों से

# एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने योग स्थलों

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एनडीएमसी क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित स्थलों पर भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस आयोजन की पूर्व संध्या पर एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को इन आयोजनों के लिए चिन्हित विभिन्न स्थलों का दौरा कर जमीनी तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लॉजिस्टिक व्यवस्था, स्थल की तैयारी, साइनबोर्ड्स, प्रतिभागियों की योजना और योग सहयोगी संस्थाओं के साथ समन्वय की स्थिति का जायजा लिया। चहल ने बताया कि यह पहल विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण की



दिशा में एनडीएमसी की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसमें स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मूलभूत माना गया है। उन्होंने बताया कि एनडीएमसी क्षेत्र के आठ प्रमुख स्थलों पर मुख्य योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें कर्तव्य पथ (साउथ लॉन), लोदी गार्डन, तालकटोरा गार्डन, शांतिपथ लॉन, सेंट्रल पार्क (कनॉट प्लेस), पंडारा पार्क, न्यू मोती बाग (आईएएस रेजिडेंस) और संजय झील (लक्ष्मीबाई नगर) शामिल हैं। चहल ने आगे जानकारी दी कि विभिन्न स्थानों पर नागरिकों के साथ योग अभ्यास में भाग लेने के लिए प्रमुख हस्तियों और अति-विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) की उपस्थिति भी अपेक्षित होगी। उन्होंने कहा कि हर स्थल की सुरक्षा और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना हमारी ज़िम्मेदारी है और इसके लिए प्रत्येक स्थल का गहन निरीक्षण आवश्यक है। उन्होंने जानकारी दी कि यह आयोजन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि योग समिति, गायत्री परिवार सहित अन्य प्रतिष्ठित योग संस्थाओं के सहयोग से आयोजित

**रोड जाम**

~~जाम और दुर्घटना का लगा रहता है डर~~
~~अस्पष्ट निर्देशों के कारण होता है नियमों का उल्लंघन~~

# दिल्ली में अगले चार दिनों के भीतर दस्तक दे सकता है मानसून

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में अगले चार दिनों में यानी अगले सप्ताह मानसून दस्तक दे सकता है। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ के चलते अगले चार दिनों में आमतौर पर बादल छाए रहने और कभी-कभी बूंदा-बांदी के साथ गर्मी और उमस रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी की गई जानकारी के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के शेष हिस्सों, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, उत्तराखंड के अधिकांश हिस्सों, हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों और लद्दाख के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। विभाग ने बताया कि अगले 2 दिनों के दौरान उत्तरी अरब सागर के शेष हिस्सों, राजस्थान के कुछ और हिस्सों, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के शेष हिस्सों और जम्मू और कश्मीर-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद के कुछ हिस्सों, लद्दाख के कुछ और हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए

**भांडाफोड़**

~~तीन जगहों पर छापेमारी कर छह लोगों गिरफ्तार। लाखों रुपये की नकली दवाएं बरामद की गई।~~

# दिल्ली स्कूल निर्माण घोटालाः एसीबी के समक्ष पेश हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता मनीष सिसोदिया आज दिल्ली स्कूल कक्ष निर्माण घोटाले के सिलसिले में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश हुए। यह मामला दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षों के निर्माण में भारी अनियमितताओं और अत्यधिक लागत पर ठेके देने से जुड़ा है। एसीबी के संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने बताया कि मनीष सिसोदिया आज सुबह 11 बजे एसीबी कार्यालय पहुंचे। उन्हें स्वतंत्र ह्यपंचह्ण गवाह की



उपस्थिति में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान उनसे इस मामले से संबंधित विभिन्न तथ्यों और परिस्थितियों पर बयान दर्ज किए गए। सिसोदिया दोपहर 2:30 बजे एसीबी कार्यालय से बाहर निकले। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच अभी जारी है और आगे की कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर तय की जाएगी। एसीबी के समक्ष पेश होने से पहले सिसोदिया ने कहा था कि वे आज एसीबी के सामने सारी बातें रखेंगे। यह एक राजनीतिक द्वेष से प्रेरित मामला

**गुणवत्ता**

~~दिल्ली सरकार ने माइक्रोब्रुअरीज को अपनी बीयर की गुणवत्ता को लेकर नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है।~~

## पत्रकार को साइबर अपराधी समझ पुलिस ने रोका, आईडी दिखाने

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने नोएडा के एक पत्रकार राहुल शाह को गलत पहचान के आधार पर आपराधिक मामले में संदिग्ध समझकर रोका, जिसके बाद पुलिस ने माफी मांगी। यह घटना 19 जून को नोएडा के सेक्टर 38 में एक पेट्रोल पंप पर हुई, जहां पुलिस ने पत्रकार को साइबर अपराधी समझकर उनकी कार से बाहर निकाला। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद दिल्ली पुलिस ने औपचारिक माफी जारी की। पुलिस की कार्रवाई और गलत पहचान दिल्ली पुलिस के बयान के अनुसार, बाहरी दिल्ली के प्रेम नगर पुलिस स्टेशन की एक टीम भारतीय न्याय संहिता की धारा

# दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने 12 अतिथि शिक्षकों की नियमित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने ईवीजीसी (एजुकेशनल एंड वोकेशनल गाइडेंस काउंसलर) के तौर पर कार्यरत 12 अतिथि शिक्षकों को नियमित नियुक्ति देने से इनकार कर दिया है। निदेशालय ने ये आदेश केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के आदेश के अनुपालन में दिया। कैट के आदेश में निदेशालय को यह निर्देश दिया गया था कि यदि नियमों के अंतर्गत संभव हो तो चयनित अंकों में छूट देकर ऐसे अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर विचार किया जाए।

**अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति एक अस्थायी अंतरिम व्यवस्था**

शिक्षा निदेशालय ने आदेश की समीक्षा के बाद यह स्पष्ट किया कि वे केवल उन्हीं उम्मीदवारों की नियुक्ति करते हैं, जिन्हें डीएसएसएसबी (दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड) द्वारा नामांकित किया गया हो। अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति केवल अस्थायी और दैनिक आधार पर होती है और नियमित नियुक्तियों की प्रक्रिया पूरी तरह से डीएसएसएसबी के माध्यम से होती है। निदेशालय ने कहा कि अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति एक अस्थायी अंतरिम व्यवस्था होती है और ऐसे किसी भी व्यक्ति को नियमित नियुक्ति का अधिकार नहीं होता। शिक्षा निदेशालय नियमित नियुक्ति नहीं कर सकता निदेशालय ने कहा कि डीएसएसएसबी की चयन प्रक्रिया और योग्यता अंकों में छूट का निर्णय शिक्षा निदेशालय के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। इसलिए, शिकायतकर्ताओं को डीएसएसएसबी द्वारा चयनित न किए जाने की स्थिति में शिक्षा निदेशालय नियमित नियुक्ति नहीं कर सकता। इस मामले में अतिथि शिक्षक नवीन कुमार समेत कुल 12 शिकातकर्ताओं ने कैट में याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि वे सभी लंबे समय से दिल्ली सरकार के स्कूलों में अतिथि शिक्षक के रूप में ईवीजीसी पद पर कार्यरत हैं और उन्होंने डीएसएसएसबी द्वारा आयोजित परीक्षा में भाग लिया

**मुलाकात**

- 12 अतिथि शिक्षकों को नियमित नियुक्ति से इनकार
- कैट के आदेश के अनुपालन में फैसला

# दिनदहाड़े 25 लाख की लूट का मामला सुलझा, दो

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले के केशवपुरम थाना पुलिस ने दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से 9 लाख नकद, एक देसी कट्टा व जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन, हेलमेट, एक चोरी की स्कूटी (फर्जी नंबर प्लेट के साथ) और एक कार बरामद की गई है। उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान योगेश कुमार उर्फ कालू (33) और मुकेश कुमार उर्फ शनि (40) के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, दोनों आदतन अपराधी हैं और कई आपराधिक




मामलों में शामिल रहे हैं। खास बात यह है कि मुकेश थाना आदर्श नगर का घोषित बदमाश (बीसी) है। डीसीपी के अनुसार पांच जून को शिकायतकर्ता पश्चिम विहार निवासी सुनील कुमार (62) ने पुलिस को बताया कि वह अपनी कार से 25 लाख नकद और जरूरी दस्तावेज लेकर निकले थे। शिवाजी एन्क्लेव से अपने स्टाफ मुकेश को लेने के बाद वे चांदनी चौक के लिए रवाना हुए। रास्ते में कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास ऑटो में बैठकर आगे बढ़े। तभी इंदरलोक सिग्नल के पास एक अज्ञात व्यक्ति ऑटो में चढ़ा, कट्टा दिखाकर बैग लूटा और अपने साथी की स्कूटी पर बैठकर फरार हो गया। पहले शिकायतकर्ता ने लूट की रकम पांच लाख बताई थी, लेकिन बाद में मानसिक तनाव के चलते गलती स्वीकार करते हुए बताया कि असल रकम 25 लाख थे। पुलिस

**भांडाफोड़**

~~तीन जगहों पर छापेमारी कर छह लोगों गिरफ्तार। लाखों रुपये की नकली दवाएं बरामद की गई।~~

# आतिशी ने मनीष सिसोदिया से कथित दिल्ली कक्षा निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और आआपा की विधायक आतिशी ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से कथित दिल्ली कक्षा निर्माण घोटाले में इडी के पूछताछ की आलोचना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आआपा के नेताओं को परेशान करने का काम कर रही है। कथित दिल्ली कक्षा निर्माण घोटाला मामले पर पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि फर्जी कक्षा घोटाला मामले में पूछताछ के लिए पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया को बुलाया गया था। यह भाजपा द्वारा आआपा



के नेताओं के दायर फर्जी मामला है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार और इसकी विभिन्न एजेंसियों ने आआपा सदस्यों के खिलाफ दो सौ से अधिक मामले दर्ज किए हैं। लेकिन सभी छापे और जांच के बावजूद उन्हें किसी भी आआपा नेता के पास से एक रुपये का भी भ्रष्ट धन नहीं मिला है। उन्होंने आआपा संयोजक अरविंद

# महिला कोच के वायरल वीडियो का सच, सांप नहीं छिपकली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें दावा किया गया कि महिला कोच में एक सांप घुस आया। वीडियो में महिलाएं चीखती-चिल्लाती दिख रही हैं। कुछ डर के मारे सीटों पर खड़ी हो गईं। इस हड़कंप ने हर किसी को हैरान कर दिया और सवाल उठने लगे कि आखिर मेट्रो में सांप कहां से आया। वीडियो वायरल होने के बाद डीएमआरसी का भी बयान सामने आया है। डीएमआरसी ने इस मामले पर तुरंत एक्शन लिया और सच सामने लाया। डीएमआरसी के मुताबिक, गुरुवार



शाम को यात्रियों की शिकायत मिलते ही ट्रेन को अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन पर खाली करवाया गया और उसे डिपो भेजा गया। वहां ट्रेन की बारीकी से जांच की गई, लेकिन कोई सांप नहीं मिला। हां, जांच के दौरान एक छोटी सी छिपकली जरूर नजर आई, जिसने शायद सारा हंगामा खड़ा किया। डीएमआरसी ने साफ किया कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा उनके लिए सबसे ऊपर है। जैसे ही यह मामला सामने आया उनकी टीम ने फौरन कार्रवाई की।

# इजराइल और ईरान से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूपों की

## दोनों देशों में फंसे सिखों और अन्य भारतीयों को भी सुरक्षित निकाला जाएः कालका, काहलों

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से अपील की है कि इजराइल और ईरान में चल रहे वर्तमान युद्ध जैसे हालातों के चलते वहाँ मौजूद श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूपों को पूरी मयार्दा के साथ भारत वापस लाने के साथ-साथ वहाँ फंसे सिखों और अन्य भारतीय नागरिकों को भी सुरक्षित निकाले जाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएँ। विदेश मंत्री को लिखे गए पत्र में कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा है कि इन दोनों देशों में श्री गुरु ग्रंथ



साहिब जी के स्वरूप वहाँ की सिख संगतों के पास मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इन पावन स्वरूपों को नई दिल्ली वापस लाना बहुत आवश्यक है। इस उद्देश्य के लिए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी भारत सरकार को हर प्रकार का सहयोग देने के लिए तैयार है। दोनों नेताओं ने विदेश मंत्री से यह भी अपील की कि इन देशों में गए सिखों और अन्य भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए भी प्रबंध किए जाएँ। साथ ही, इन दोनों देशों की राजधानियों में स्थित भारतीय दूतावासों को निर्देश दिए जाएँ कि वे वहाँ फंसे भारतीयों का उनके परिवारों से संपर्क करवाएँ ताकि उनके परिवारों की चिंता दूर हो सके और उन्हें यह भरोसा हो सके कि उनके परिजन सुरक्षित हैं।
उन्होंने कहा कि युद्ध की स्थिति चिंताजनक है और आम लोग यह सोचकर परेशान हैं कि वहाँ फंसे भारतीयों को किस तरह सुरक्षित निकाला जा सकेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को भारत सरकार पर पूरा भरोसा है और इस मामले में दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी सरकार को हर तरह का सहयोग देने को तैयार है – चाहे वह परिवारों से संपर्क करवाने, लोगों को नई दिल्ली से उनके घरों तक पहुँचाने या किसी भी तरह की अन्य मदद हो, जो भारत सरकार को चाहिए। कमेटी का कहना है कि भारत सरकार को इस दिशा में तुरंत कार्यवाही करनी चाहिए, क्योंकि बड़ी संख्या

**भांडाफोड़**

~~तीन जगहों पर छापेमारी कर छह लोगों गिरफ्तार। लाखों रुपये की नकली दवाएं बरामद की गई।~~

# करनाल का बेटा यूएस आर्मी में बना सार्जेंट

## हरियाणा के छोरे की यूएस आर्मी में प्रमोशन से परिवार व गांव में खुशी का माहौल है

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गोरगढ़ गांव का बेटा आशीष यूएस आर्मी में सार्जेंट के पद पर प्रमोट हुआ है। प्रमोशन के बाद अब वह 12 सप्ताह की ट्रेनिंग पर हैं। आशीष स्टडी वीजा पर अमेरिका गया था और वहां पर स्टडी के दौरान ही आर्मी में ई-1 रैंक पर भर्ती हुआ और आज वह ई-5 रैंक तक पहुंच चुका है। हरियाणा के छोरे की यूएस आर्मी में प्रमोशन से परिवार व गांव में खुशी का माहौल है। आशीष के पिता की खुशी का ठिकाना नहीं है और सोशल मीडिया पर भी आशीष की फोटो लगातार वायरल हो रही है और बधाइयों का सिलसिला चला हुआ है। 22 वर्षीय आशीष, करनाल जिला के गोरगढ़ गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता सुरेश कुमार इंद्री में बरसालू के एक प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं और किसानी भी करते हैं। आशीष 12वीं कक्षा

**सपना पूरा**

**पढ़ाई के साथ स्टोरकीपर की जॉब भी की**
**पिता बोले-बेटे ने सपना पूरा किया**

के बाद स्टडी वीजा पर अगस्त-2021 में अमेरिका चला गया था, जिसके लिए परिवार ने अपने बजट से करीब तीन लाख रुपए खर्च किए थे। उसने अमेरिका के सेंट लुइस में यूनिवर्सिटी ऑफ मिस्सोरी सेंट लुइस में बेचलर ऑफ साइबर सिक्योरिटी में एडमिशन लिया। वहां पर उनके गांव के युवक भी रहते हैं, जिन्होंने काफी हेल्प भी की। फर्स्ट ईयर में आशीष ने कहीं पर काम नहीं किया, उसने अपनी स्टडी पर ही ध्यान दिया। द्वितीय वर्ष के दौरान आशीष ने स्टडी के साथ स्टोर कीपर की जॉब भी की, ताकि वह अपना




कुछ खर्च निकाल सके। इसी दौरान दिसंबर-2022 में आशीष की पीआर हो गई, जिससे परिवार की खुशी ओर भी ज्यादा बढ़ गई। आशीष का सपना था कि वह आर्मी में जाए, वह देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करना चाहता था। वह थर्ड ईयर में हुआ तो उसने यूएस आर्मी के लिए अप्लाई कर दिया। परिवार के मुताबिक, यूएस में आर्मी के लिए वैकेंसी नहीं निकलती, वहां पर फॉर्म अप्लाई करना होता है और योग्यता के हिसाब से आर्मी में सलेक्शन हो जाता है।

फरवरी-2024 में आशीष यूएस आर्मी में ई-1 रैंक पर भर्ती हो गया। आशीष पढ़ ? में बहुत होशियार था और प्रमोशन के लिए कोर्स क्लियर करता रहा। उसे करीब डेढ़ साल ही हुआ होगा, वह आज ई-5 रैंक तक पहुंच चुका है। उसकी आगे की पढ़ाई भी आर्मी के माध्यम से ही हो रही है। सुरेश बताते है कि मैने यूएस आर्मी की ई-1 से ई-5 रैंक लिस्ट ऑनलाइन चेक की है। इसके मुताबिक अमेरिका की आर्मी में ई-1 से ई-5 तक की रैंकिंग अधीनस्थ सैन्य सैनिकों की होती है। ये वो सैनिक होते हैं जो ऑफिसर नहीं होते, लेकिन आर्मी के जमीनी स्तर पर सबसे ज्यादा जिम्मेदारी निभाते हैं। आशीष की ड्यूटी वर्जिनिया में है और टेक्निकल स्टाफ में है। आशीष के पिता सुरेश कुमार आर्मी में जाना चाहते थे, उन्होंने कई फिजिकल टेस्ट भी दिए, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए।

उनके परिवार का भी बैकराउंड आर्मी से रहा है। सुरेश बताते हैं कि मेरा सगा भाई राजेश आर्मी से हवलदार रिटायर्ड है। मेरे ससुर बलवंत सिंह आर्मी से सूबेदार रिटायर्ड हैं। मेरा चचेरा भाई रणबीर सिंह इंडियन आर्मी में है। आशीष ने भी इंडियन आर्मी के लिए ट्राई किया था। लेकिन उसकी 10वीं के प्रमाण पत्र में नाम गलत हो गया था, जिसको कोर्ट केस के माध्यम से ठीक करवाया। उसके बाद वह ट्राई करता, लेकिन फिर वह अमेरिका चला गया। सुरेश बताते हैं कि मेरे परिवार में मैं, पत्नी संगीता और माता सोना देवी है, पिता जी का 2005 में देहांत हो चुका है और 19 साल की बेटी सिमरन दो साल से ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में स्टडी वीजा पर नर्सिंग का कोर्स कर रही है। सुरेश ने बताया कि अब हमारा भी ग्रीन कार्ड बन जाएगा और हम भी अमेरिका में घूमने के लिए जाएंगे।

# आईटीआई में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशा न करने की शपथ दिलाई

**जागरूकता**

**नशा एक सामाजिक बुराई होने के साथ-साथ अपराध की जड़; डीएसपी नरेंद्र सिंह**



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत पुलिस ने शुक्रवार को मतलौडा आईटीआई में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान विद्यार्थियों को जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। पुलिस टीम द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा एक सामाजिक बुराई होने के साथ साथ अपराधों की जड़ है। इसलिए युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद में अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने माता पिता के सपनों को साकार करें और गांव प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद करता है। एक बार नशे के दलदल में फंस जाते हैं तो फिर फंसते ही चले जाते हैं। समाज में कई तरह के अपराध तो केवल नशे के कारण होते हैं। कुछ लोग लूट-मार जैसी वारदातों को केवल इसी लिए अंजाम देते हैं ताकि वे नशीले पदार्थों की अपनी जरूरत पूरी कर सकें। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान चलाया गया है। जिला में अभियान के सफल आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा निर्देश दिए है। पुलिस की टीमों द्वारा प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर नशे के दुष्परिणामों व दुष्प्रभाव बारे जानकारी देकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थी स्वयं को नशे से दूर रख समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बढ़ चढ़कर भाग ले ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके।

# थानों में नहीं हैं जरूरी चाइल्ड फ्रेंडली रूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले के थानों में बच्चों के लिए जरूरी चाइल्ड फ्रेंडली रूम तक नहीं हैं। यह खुलासा तब हुआ, जब स्टेट कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स की टीम ने शुक्रवार को महिला थाना और सिविल लाइन थाने का औचक निरीक्षण किया। टीम ने पाया कि किसी भी थाने में न तो चाइल्ड फ्रेंडली रूम बना है और न ही बच्चों के लिए कोई विशेष सुविधा मौजूद है। टीम ने इसे जेजे एक्ट और स्टेट गाइडलाइंस का उल्लंघन माना और थानों को एक सप्ताह के भीतर यह रूम तैयार कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान स्टेट कमीशन के सदस्य डा. मांगेराम शर्मा, डॉ. मीना शर्मा, डीसीपीओ रीना रानी और सीडब्ल्यूसी चेयरमैन उमेश कुमार चानना मौजूद रहे। सभी ने मिलकर करनाल महिला थाना और सिविल लाइन थाने का निरीक्षण किया। स्टेट कमीशन के सदस्य डॉ. मांगेराम शर्मा और उमेश कुमार चानना ने बताया कि गाइडलाइंस के अनुसार हर थाने में चाइल्ड फ्रेंडली रूम अनिवार्य है, लेकिन करनाल के थानों में यह व्यवस्था कहीं नहीं दिखी। यह सही नहीं है, क्योंकि यदि किसी केस में बच्चा अभिभावकों के साथ थाने पहुंचता है तो वहां पुलिस का माहौल देखकर घबरा सकता है। कमीशन के अनुसार थानों में ऐसा रूम इसलिए जरूरी है, ताकि बच्चों को थाने के माहौल से डर न लगे। चाइल्ड फ्रेंडली रूम में सादे कपड़ों में स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट का स्टाफ मौजूद रहेगा। कमरे में बच्चों के खेलने के लिए खिलौने और दीवारों पर रंग-बिरंगी पेंटिंग होंगी, जिससे बच्चे को यह महसूस न हो कि वह पुलिस थाने में है। यह बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी जरूरी है। स्टेट कमीशन ने करनाल जिले के सभी पुलिस थानों को चाइल्ड फ्रेंडली रूम बनाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्हें एक सप्ताह के भीतर यह रूम तैयार करके अपनी रिपोर्ट सबमिट करनी होगी। यह रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेजी जाएगी, ताकि अगली कार्रवाई की जा सके।

## समाधान शिविर की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करें अधिकारी : उपायुक्त

**सिरसा, (रणबीर खटक)** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय में समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आ रही जन शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता से समाधान करें। उपायुक्त ने कहा कि सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निवारण करना है, इसलिए अधिकारी समाधान शिविर में आई शिकायतें हर रोज समीक्षा करते हुए उनका समयबद्ध निवारण करें। उपायुक्त ने कहा कि शिविरों में आई जो भी शिकायतें लंबित है उनका जल्द से जल्द निपटान करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने शिविर में आई शिकायतों के निपटान, लंबित व रिजेक्शन की समीक्षा की।

## फेनेस्टा ने धर्मशाला में अपने पहले शोरूम के साथ हिमाचल प्रदेश में अपनी मौजूदगी को बनाया सशक्त, राज्य में कंपनी का पांचवां शोरूम

**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशाला:** प्रीमियम दरवाजों और खिड़कियों के लिए भारत के सबसे भरोसेमंद ब्राण्ड फेनेस्टा ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में नए शेरूम के लॉन्च के साथ अपने रीटेल फुटप्रिन्ट को और मजबूत बना लिया है।सरस्वती ट्रेडर्स द्वारा संचालित यह नया शोरूम विलबराउ पीओ, सुनेहर-पालमपुर रोड़, नगरोटा बगवां 176047 पर स्थित है जो देशभर में उच्च गुणवत्ता के फेनेस्ट्रेशन समाधान उपलब्ध कराने की फेनेस्टा की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।नया शोरूम उपभोक्ताओं को फेनेस्टा के व्यापक पोर्टफोलियो का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें यूपीवीसी, एलुमिनियम विंडोज एवं डोर्स, सोलिड पैनल डोर और इनके नए फॉसेड्स शामिल हैं।स्टोर को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यहां घर के मालिकों, आकीर्टेक्ट्स एवं बिल्डर्स को प्रोडक्ट्स के बारे में पूरी जानकारी और इनका प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा, जो शानदार परफोर्मेन्स, बेहतरीन लुक के साथ-साथ सस्टेनेबिलिटी की भी उम्मीद रखते हैं। फेनेस्टा के बिजनेस हैड साकेत जैन ने कहा, हमें खुशी है कि हम फेनेस्टा के अनुभव को धर्मशाला ला रहे हैं, यह एक ऐसा क्षेत्र है जो आधुनिक महत्वाकांक्षाओं के साथ धरोहर का खूबसूरत संयोजन है।यह लॉन्च हिमाचल प्रदेश के उपभोक्ताओं को भरोसेमंद, उर्जा-प्रभावी एवं स्टाइलिश समाधान उपलब्ध कराने के हमारे सतत प्रयासों की पुष्टि करता है।हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी इलाकों में समार्ट एवं टिकाउ होम सोल्युशन्स की मांग लगातार बढ़ रही है, क्योंकि ऐसे क्षेत्रों में मौसम से बचाव के लिए कम मेंटेनेन्स वाले प्रोडक्ट्स जरूरी होते हैं। धर्मशाला में स्थित फेनेस्टा का नया शोरूम विशेषज्ञों के कन्सलटेशन से लेकर ऑन-साईट सर्वे, मैनुफैक्चरिंग, इंस्टॉलेशन एवं पोस्ट-सेल्स सर्विस तक उपभोक्ताओं को सहज अनुभव प्रदान करेगा।देश भर में 350 से अधिक शोरूमों के नेटवर्क तथा नेपाल, भूटान एवं मालदीव्स जैसे देशों में मौजूदगी के साथ फेनेस्टा ने अपने आधुनिक एवं उपभोक्ता-उन्मुख दृष्टिकोण के द्वारा फेनेस्ट्रेशन उद्योग को पूरी तरह से बदल डाला है।धर्मशाला का शोरूम इस यात्रा में एक और उपलब्धि है।

## संक्षिप्त खबरें

### एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 25 जून को खुलेगा

**नोएडा।** एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का इक्विटी शेयरों का आईपीओ 25 जून, 2025 को खुलेगा। एंकर इनवेस्टर के लिए बिडिंग 24 जून, 2025 को होगी, और ऑफर 27 जून, 2025 को बंद होगा। निवेशक कम से कम 20 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 20 के गुणकों में बिड कर सकते हैं। ऑफर का प्राइस बैंड रु700 से रु 740 प्रति शेयर है। कुल ऑफर साइज रु 12,500 करोड़ का है, जिसमें रु 2,500 करोड़ का फ्रेश इश्यू और रु 10,000 करोड़ का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी फ्रेश इश्यू से मिले पैसे का इस्तेमाल अपने टियर-क कैपिटल बेस को मजबूत करने, भविष्य की कैपिटल जरूरतों को पूरा करने, और अपने बिजनेस वर्टिकल्स जैसे एंटरप्राइज लेंडिंग, एसेट फाइनेंस, और कंज्यूमर फाइनेंस में लेंडिंग के लिए करेगी। इसके अलावा, ऑफर से जुड़े खर्चों को भी इस राशि से पूरा किया जाएगा। ऑफर फॉर सेल में एचडीएफसी बैंक लिमिटेड रु 10,000 करोड़ तक के इक्विटी शेयर बेचेगा। इक्विटी शेयर 19 जून, 2025 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के जरिए ऑफर किए जाएंगे, जो रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, गुजरात, दादरा और नगर हवेली, अहमदाबाद में फाइल किया गया है। ये शेयर बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर लिस्ट होंगे, जिसमें ठरए डेजिग्नेटेड स्टॉक एक्सचेंज होगा।

### संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड का आईपीओ 25 जून को खुलेगा

**नोएडा।** संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड (संभव या कंपनी) अपनी इक्विटी शेयरों की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश के संबंध में बुधवार, 25 जून 2025 को अपना बोली/प्रस्ताव खोलेगी। कुल रु5400 मिलियन [रु540 करोड़] मूल्य के इक्विटी शेयरों का यह प्रस्ताव रु4400 मिलियन [रु440 करोड़] के नए निर्गम और रु1000 मिलियन [रु100 करोड़] के बिक्री प्रस्ताव (कुल प्रस्ताव आकार) से मिलकर बना है। एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार, 24 जून 2025 होगी। बोली/प्रस्ताव बुधवार, 25 जून 2025 को सदस्यता के लिए खुलेगा और शुक्रवार, 27 जून 2025 को बंद होगा। प्रस्ताव का प्राइस बैंड रु77 से रु82 प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया है। बोली न्यूनतम 182 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 182 के गुणकों में लगाई जा सकती है। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया ऋणों के पूर्व-भुगतान या अनुसूचित पुनर्भुगतान के लिए तथा शेष राशि को सामान्य कॉर्पोरेट कार्यों के लिए उपयोग में लाएगी। बिक्री के लिए प्रस्ताव में निम्नलिखित शेयरधारकों द्वारा कुल रु1000 मिलियन [रु100 करोड़] तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं: शशांक गोयल (प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक) द्वारा कुल रु100.00 मिलियन [रु 10 करोड़] तक के इक्विटी शेयर, रोहित गोयल (प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक) द्वारा कुल रु 100.00 मिलियन [रु 10 करोड़] तक के इक्विटी शेयर, कौशल्या गोयल (प्रवर्तक समूह विक्रय शेयरधारक) द्वारा कुल रु 350.00 मिलियन [रु 35 करोड़] तक के इक्विटी शेयर, हर्षित गोयल (प्रवर्तक समूह विक्रय शेयरधारक) द्वारा कुल रु 100.00 मिलियन [रु 10 करोड़] तक के इक्विटी शेयर और रिंकू गोयल (अन्य विक्रय शेयरधारक) द्वारा कुल रु 350.00 मिलियन [रु 35 करोड़] तक के इक्विटी शेयर (संयुक्त, विक्रेता शेयरधारक)। पात्र कर्मचारियों को कर्मचारी आरक्षण भाग में बोली लगाने पर रु4 प्रति इक्विटी शेयर की छूट दी जा रही है। नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड इस निर्गम के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### एकाग्रता के लिए योग जरूरी: कुमारी रंजीता

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत,(कमाल हुसैन )** प्रदेश की प्रमुख सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन के तत्वाधान में शुक्रवार को जिले के गांव चमराड़ा में महिलाओं को योग प्रशिक्षण दिया गया। योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं को योग दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में एकाग्रता के लिए योग जरूरी है।

## बजाज आलियांज ने लॉन्च किया एक विशेष हेल्थ इंश्योरेंस प्लान आपके लिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** भारत की प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी आपके लिए नाम से एक नया हेल्थ प्लान लेकर आई है यह हिमाचल प्रदेश के लोगों की खास स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया एक अग्रणी हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट है आपके लिए, बस एक हेल्थ प्लान नहीं है,बल्कि हिमाचल प्रदेश के लोगों से किया गया एक वादा है,जो राज्य की विशेष मेडिकल स्थितियों के अनुसार कवरेज और उच्च क्वालिटी हेल्थ केयर सुनिश्चित करता है इस बात को समझते हुए कि स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां, खर्च और उपचार की उपलब्धता अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग होती है, बजाज आलियांज ने हर किसी के लिए एक जैसे प्लान की बजाय, पर्सनलाइज्ड कवरेज प्रदान करने के लिए इआपके लिएइ को तैयार किया है यह प्लान हिमाचल प्रदेश के निवासियों के लिए अस्पतालों की स्थिति और किफायत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है,ताकि लाभार्थियों को आवश्यकता के अनुसार सुरक्षा मिल सके किफायत और एक्सेसिबिलिटी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया,"आपके लिए"विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए कस्टमाइज किए गए प्रीमियम सहित व्यापक कवरेज प्रदान करता है यह पॉलिसी व्यक्तिगत और फ्लोटर दोनों प्रकारों में उपलब्ध है, जो इसे निजी उपयोग एवं परिवारों के लिए एक आदर्श समाधान बनाती है इसमें 5 लाख रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक का बीमा कवर चुनने का विकल्प है,जिससे युवा प्रोफेशनल्स से लेकर बुजुर्गों तक,हर कोई अपनी जरूरत के हिसाब से हेल्थ कवर ले सकता है। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, डॉ. तपन सिंघल ने कहा, भारत की सबसे बड़ी ताकत है उसकी विविधता है।

# पहाड़ी क्षेत्र में बरसात से उफान पर सोम नदी, ग्रामीणों में चिंता

**मूसलाधार**

**मूसलाधार बरसात से उफान पर आई सोम नदी ने खानू वाला, चितपुर सहित दर्जनों गांव की चिंता बढ़ा दी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर (धर्मवीर)-** पहाड़ी क्षेत्रों में हुई मूसलाधार बरसात से उफान पर आई सोम नदी ने खानू वाला, चितपुर सहित दर्जनों गांव की चिंता बढ़ा दी। सिंचाई विभाग के मुताबिक सुबह लगभग 8:00 बजे तक सोम नदी का अधिकतम जलस्तर 7000 क्यूसेक के करीब रहा। खानूवाला स्थित सोम नदी के तटबंध पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने से ग्रामीण सिहर उठे।नदी में पानी आने के कारण तटबंध का काम और पीछे चला गया। जब नदी का पानी उतरेगा उसके बाद ही अब काम शुरू करने के बारे में सोचा जाएगा। ग्रामीणों के मुताबिक ठेकेदार भी उनका फोन नहीं उठा रहा है ऐसे में उनके मन में दहशत बढ़ती जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा यहां बार-बार तय समय सीमा में कार्य पूरा करने का आश्वासन ग्रामीणों के गले से नहीं उतर रहा है तटबंध पर अभी तक मुश्किल से पत्थर पूरा हो पाया है अभी पत्थरों की स्टिकिंग और चेकिंग होनी बाकी है। अभी विभागीय प्रक्रिया पूरी होने में भी काफी समय लग सकता है । जिला उपायुक्त यमुनानगर पार्थ गुप्ता ने बीते कल ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ यहां दौरा किया था उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तुरंत तटबंध का काम शुरू करने का निर्देश दिया था सिंचाई विभाग पत्थरों की कमी के कारण अभी तक यहां काम शुरू नहीं कर पाया है। वहीं विभाग द्वारा खानू वाला तटबंध पर पानी के दबाव को कम करने के लिए तटबंध के दूसरी साइड मलिकपुर बांगर पंचायत की पटरी को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। कर्मवीर राजेश ओमप्रकाश रामशरण गुरप्रीत हरप्रीत लोकेश आदि ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने ढाई सौ फीट दूर तक नदी का विस्तार करने की योजना बनाई थी परंतु यहां पटरी को 50 फिट भी नहीं हटाया जा रहा है। ऐसे में यहां स्थित तटबंध पर पानी का दबाव कैसे कम होगा समझ से परे है। ऐसे में उन्हें अपने जान माल की सुरक्षा होने में संदेह लग रहा है । आज का पानी देखकर तो उन्हें अपना बोरिया बिस्तर बांध कर छत पर रखने की तैयारी शुरू कर दी थी यदि हालात ऐसे ही रहे तो पिछले बरसात सीजन की भांति इस बार भी उन्हें या तो घर बार छोड़कर कहीं और आश्रय लेने पर मजबूर होना पड़ेगा या घरों की छत पर डेरा जमाने पर मजबूर होना पड़ेगा। सोम नदी में पानी आने की सूचना मिलने पर चिंतपुर और खाने वाला के ग्रामीण एक-एक कर पटरी पर पहुंचने लगे नदी का पानी पटरी को छूकर निकलने लगा। वह तो नियमित रही पहाड़ी क्षेत्रों में बरसात जल्दी बंद हो गई और कुछ घंटे बाद ही नदी का जलस्तर कम होने लगा।

# योग को जीवन का अंग बनाने से रहेंगे सदा स्वस्थ, योग दिवस पर परिचर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल वर्मा**

**थानेसर :-**योग: कर्मसु कौशलम्- अर्थात कर्मों में कुशलता ही योग है। हमारे सभी वेद,पुराण, शास्त्र, उपनिषद योग को मानव जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण मानते हैं। संपूर्ण विश्व ने भी योग के महत्व को मान्यता प्रदान करते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि यह योग का युग है युद्ध का नहीं। आज विश्व में जो युद्ध की परिस्थितियां बन रही हैं वो योग की शरण में जाने से शांति में बदल जाएंगी क्योंकि योग स्व से शक्ति को जानने का मुख्य मार्ग है। हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में भव्य स्तर पर



राज्य स्तरीय योग दिवस का आयोजन किया है। इस आयोजन की सफलता के लिए पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त नेहा सिंह सहित सारा जिला प्रशासन दिन- रात एक किए हुए है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर थानेसर नगर के प्रबुद्धजनों ने अपनी राय प्रकट की। नगर के वरिष्ठ आयुर्वेदिक डॉक्टर सुरेंद्र गौड़ ने बताया कि योग की शरण में जाना न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है अपितु संपूर्ण विश्व में शांति कायम करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ विश्व के विकास के लिए यह आवश्यक है कि मानव मात्र को योग: शरणं गच्छामि के मार्ग पर चलते हुए योग से शांति का मार्ग अपनाना चाहिए क्योंकि योग ही शांति स्थापना का एकमात्र विकल्प है। नगर के वार्ड 3 के पार्षद दुष्यंत बक्शी का कहना है कि हरियाणा सरकार ने कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय योग दिवस मनाकर कुरुक्षेत्र को विश्व स्तरीय पहचान दिलाने में एक और मील का पत्थर जोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक नगर वासी के लिए गर्व का विषय है। मुल्तानी सभा के प्रधान प्रदीप झांब का कहना है कि कुरुक्षेत्र की पहचान गीता के कारण तो है ही,अब हरियाणा सरकार ने भी एक ही स्थान पर एक लाख से अधिक लोगों को योग से जोड़कर कुरुक्षेत्र को नई पहचान दिलाने का काम किया है। इस योग दिवस को लेकर नगर के लोगों में भारी उत्साह है। राजवंशी क्लीनिक और दंत चिकित्सालय के संचालक डॉक्टर अनीश सिंगला ने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपनी दिनचर्या में योग को शामिल कर ले तो उसका सारा जीवन स्वस्थ रहेगा और उसमें हर समय ऊर्जा बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व को योग भारत की ही देन है। भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजीव सीकरी ने कहा कि माननीय नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है।

# ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने व्यक्ति को कुचला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले के कस्बा तरावड़ी फ्लाईओवर के नीचे ट्रैक्टर-ट्राली ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। मृतक ऑटो से उतरकर सड़क किनारे सामान लेने जा रहा था, तभी पीछे से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह ट्रैक्टर के नीचे आ गया। मृतक की पहचान 55 वर्षीय परमजीत के रूप में हुई है। वह आज अपने साथी ओमपाल के साथ ऑटो में सवार होकर घर की तरफ जा रहा था। जब वे तरावड़ी फ्लाईओवर के नीचे पहुंचे तो परमजीत ने ऑटो रुकवाया और ओमपाल से कहा कि वह पास से कुछ सामान लेकर आता है। वह जैसे ही ऑटो से उतरकर सड़क पार कर रहा था, तभी ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तरावड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के मोर्चरी हाउस भेज दिया गया। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर-ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है और ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक परमजीत के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि परमजीत मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। तरावड़ी थाना के एसआई राजेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि परमजीत सामान लेने के लिए ऑटो से नीचे उतरा था और इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आ गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## संपादकीय

# गोरे धन में तेजी से तब्दील होता काला धन

**गोया** कि मै सच्चा भारतीय हूं इसलिए भारत की हर उपलब्धि पर खुश होता हूं और हर नाकामी पर लज्जित भी. चूंकि मै किसी लाभ-हानि के पद पर नहीं हूं इसलिए मुझे उपलब्धियों पर जश्न मनाने का तो हक है किंतु नाटामी पर इस्तीफा देने की चिंता नहीं है.. पिछले 11 साल से देश की सत्ता के माध्यम से सेवा कर रहे भाजपा के अवतार पुरुष और देश के प्रधानमंत्री शकी सबसे बडी और ताजा उपलब्धि ये है कि  स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा धन 2023 की तुलना में 2024 में तीन गुना बढ़कर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक (लगभग 37,600 करोड़ रुपये) हो गया। स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में रखे गए धन में भारी वृद्धि के कारण यह बढ़ोतरी हुई। 2023 में यह रकम चार वर्ष के निम्नतम स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक हो गई थी।

भाजपा ने भरोसा तो ये दिलाया था कि सत्ता में आते ही सरकार स्विस बैंकों में जमा धशवापस लायेगी और हर मतदाता के खाते में 15-15लाख रुपये जमा कराएगी. लेकिन ये तो हो न सका, उलटे स्विस बैंकों के खाते लबालब हो गए.स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) के आधिकारिक आंकड़ों में स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए कथित काले धन के बारे में नहीं बताया गया है क्योंकि स्विट्जरलैंड भारतीयों के धन को काला धन  मानता ही नहीं है.। स्विट्जरलैंड कहता रहा है कि वह कर चोरी के खिलाफ लड़ाई में भारत का समर्थन करता है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक द्वारा गुरुवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार इस दौरान भारतीयों के कस्टमर अकाउंट का रकम केवल 11 प्रतिशत बढ़कर 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (लगभग 3,675 करोड़ रुपये) हो गया, जो कुल धन का केवल एक-तिहाई है। वैसे 2023 में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा स्विस बैंकों में स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से जमा धनराशि में 70 प्रतिशत की गिरावट आई थी। 2021 के बाद से स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा धन में सर्वाधिक वृद्धि हुई है.2021 में स्विस बैंकों में भारतीयों का कुल धन 14 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इनमें वह धन भी शामिल नहीं है जो भारतीयों, एनआरआइ या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में जमा किया है। एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार, 2006 में कुल राशि लगभग 6.5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकार्ड उच्च स्तर पर थी। एसएनबी के अनुसार, भारतीय ग्राहकों के प्रति स्विस बैंकों की कुल देनदारियों के लिए डाटा में स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के सभी प्रकार के फंड को शामिल किया गया है, जिसमें व्यक्तियों, बैंकों और कंपनियों से जमा राशि शामिल है।इसमें भारत में स्विस बैंकों की शाखाओं के साथ-साथ गैर-जमा देनदारियों के डाटा भी शामिल हैं। मजे की बात ये है कि स्विट्जरलैंड और भारत के बीच कर मामलों में 2018 से सूचनाओं का स्वचालित आदान-प्रदान किया जा रहा है.लेकिन काला धन अंतरध्यान हो गया है. चूंकि स्विस सरकार भारतीयों के धन को काला धन नहीं मानती तो भारत सरकार की क्या मजाल कि वो भारतीयों के धन को काला कह दे ! भारतीय भले ही रंग से काले हों लेकिन दिल से काले बिलकुल नहीं हैं. उनका धन दूध की तरह सफेद है. भारतीय अपना धन भारतीय बैंकों में नहीं रखते, ये जरूर चिंता की बात है. भारतीयों को मोदी सरकार के बजाय स्विट्जरलैंड की सरकार पर ज्यादा भरोसा है. विश्वास का ये संकट भारत सरकार के लिए सबसे बडी चुनौती है।

# तन से आगे मन, और मन से आगे आत्मा: यही है योग की यात्रा

**प्रो. आरके जैन**

> "जब मन की गहराइयों में तूफान मच रहा हो, जीवन की राहें धुंध में खोई सी लगें, और आत्मा किसी अनजानी खोज में भटक रही हो—तब एक क्षण ठहरकर, आँखें बंद करके, गहरी साँसों के साथ अपने भीतर उतरने की कला ही योग है। यह वह पवित्र पल है, जहाँ दुनिया का शोर थम जाता है, समय रुक सा जाता है, और केवल तुम और तुम्हारी आत्मा के बीच एक अनमोल संवाद होता है। योग सिर्फ शरीर को मोड़ना नहीं, बल्कि मन को जोड़ना, आत्मा को संवारना और जीवन को एक नई लय देना है। यह वह प्राचीन भारतीय धरोहर है, जो आज विश्व की साँसों में बस चुकी है। हर साल 21 जून को, जब सूरज सबसे लंबे दिन की रोशनी बिखेरता है, पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में एक साथ साँस लेती है—एक ऐसी एकता में, जो न केवल शरीर को स्वस्थ करती है"

**जब** मन की गहराइयों में तूफान मच रहा हो, जीवन की राहें धुंध में खोई सी लगें, और आत्मा किसी अनजानी खोज में भटक रही हो—तब एक क्षण ठहरकर, आँखें बंद करके, गहरी साँसों के साथ अपने भीतर उतरने की कला ही योग है। यह वह पवित्र पल है, जहाँ दुनिया का शोर थम जाता है, समय रुक सा जाता है, और केवल तुम और तुम्हारी आत्मा के बीच एक अनमोल संवाद होता है। योग सिर्फ शरीर को मोड़ना नहीं, बल्कि मन को जोड़ना, आत्मा को संवारना और जीवन को एक नई लय देना है। यह वह प्राचीन भारतीय धरोहर है, जो आज विश्व की साँसों में बस चुकी है। हर साल 21 जून को, जब सूरज सबसे लंबे दिन की रोशनी बिखेरता है, पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में एक साथ साँस लेती है—एक ऐसी एकता में, जो न केवल शरीर को स्वस्थ करती है, बल्कि समाज को सशक्त और विश्व को शांतिपूर्ण बनाती है।

2025 की थीम—ह्लयोगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटीह्व (स्वयं और समाज के लिए योग)—एक ऐसा संदेश है, जो व्यक्तिगत और सामूहिक कल्याण को एक सूत्र में पिरोता है। यह थीम हमें बताती है कि जब हम अपने मन को शांत करते हैं, अपने शरीर को संतुलित करते हैं, तो यह शक्ति केवल हमारे भीतर नहीं रुकती; यह लहर बनकर हमारे परिवार, समुदाय और समाज तक पहुँचती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के 2023 के आँकड़ों के अनुसार, विश्वभर में 300 मिलियन से अधिक लोग मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहे हैं। ऐसे में योग एक ऐसी वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पद्धति है, जो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को पुनर्जनन देती है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और एकता को भी बढ़ावा देती है। एक जागरूक व्यक्ति ही समाज की नींव को मजबूत करता है, और योग वह औजार है, जो इस जागरूकता को जन्म देता है। योग भारत की प्राचीन सभ्यता की देन है, जिसके बीज पतंजलि के योगसूत्रों में, वेदों की ऋचाओं में, और उपनिषदों के गहन दर्शन में मिलते हैं। योगसूत्र में कहा गया है, योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः —अर्थात योग मन की चंचल वृत्तियों को नियंत्रित करने



की कला है। यह केवल आसनों या प्राणायाम तक सीमित नहीं, बल्कि अष्टांग योग के आठ अंग—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि—जीवन को समग्रता में जीने का मार्ग दिखाते हैं। यम के सिद्धांत, जैसे अहिंसा और सत्य, हमें न केवल दूसरों के प्रति संवेदनशील बनाते हैं, बल्कि स्वयं के प्रति भी करुणा सिखाते हैं। आज की दुनिया में, जहाँ तनाव, अवसाद और सामाजिक विभाजन बढ़ रहे हैं, ये सिद्धांत हमें एक बेहतर इंसान और एक बेहतर समाज बनाने की प्रेरणा देते हैं।

आज का युग तकनीक का युग है, लेकिन यह एकाकीपन और तनाव का भी युग है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के 2021 के एक अध्ययन के अनुसार, नियमित योगाभ्यास तनाव हार्मोन कोर्टिसोल को 30% तक कम करता है, नींद की गुणवत्ता में सुधार करता है, और हृदय रोग व मधुमेह जैसे रोगों के जोखिम को 25% तक घटाता है। लेकिन योग का प्रभाव केवल शारीरिक नहीं है; यह मन और आत्मा को भी संतुलित करता है। जब हम योग करते हैं, तो हम न केवल अपने शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अपने व्यवहार, विचारों और दृष्टिकोण को भी परिष्कृत करते हैं। यह परिवर्तन व्यक्तिगत स्तर पर शुरू होता है, लेकिन इसका प्रभाव समाज तक फैलता है। उदाहरण के लिए, स्कूलों में योग शिक्षा से बच्चों में एकाग्रता बढ़ती है और तनाव कम होता है। एक अध्ययन के अनुसार, योग करने वाले छात्रों में शैक्षिक प्रदर्शन में 20% सुधार देखा गया। कार्यस्थलों पर योग सत्र कर्मचारियों की उत्पादकता को 15% तक बढ़ाते हैं। यह सामाजिक परिवर्तन की शुरूआत है—एक ऐसी क्रांति, जो न हथियारों से होती है, न शोर से, बल्कि साँसों की गहराई और मौन की शक्ति से।

2014 में, जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा, तो इसे रिकॉर्ड 177 देशों का समर्थन मिला। यह केवल एक राजनयिक विजय नहीं थी, बल्कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक शक्ति की वैश्विक स्वीकार्यता थी। 21 जून 2015 को, जब पहला योग दिवस मनाया गया, तो दिल्ली के राजपथ पर 35,985 लोगों ने एक साथ योग करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। आज, विश्व के 190 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जाता है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर पेरिस के एफिल टावर तक, सिडनी के ओपेरा हाउस से लेकर टोक्यो के पार्कों तक, लाखों लोग एक साथ योग करते हैं। यह दृश्य केवल सौंदर्यपूर्ण नहीं, बल्कि मानवता की एकता और विश्व शांति का प्रतीक है। जब इतने लोग एक लय में साँस लेते हैं, तो लगता है जैसे धरती खुद ध्यानमग्न हो गई हो।

2025 की थीम—ह्लस्वयं और समाज के लिए योगह्व—हमें यह भी सिखाती है कि योग समावेशी है। यह न किसी धर्म से बंधा है, न उम्र से, न लिंग से। गर्भवती महिलाओं के लिए प्रीनेटल योग, वरिष्ठ नागरिकों के लिए चेयर योग, और बच्चों के लिए प्ले योग—हर कोई योग को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार अपना सकता है। यह समावेशिता ही योग को एक वैश्विक आंदोलन बनाती है। आज, योग भारत की सॉफ्ट पावर का प्रतीक बन चुका है, जो विश्व को न केवल स्वास्थ्य, बल्कि शांति और सह-अस्तित्व का मार्ग दिखा रहा है।

इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, हमें यह प्रण लेना चाहिए कि योग को केवल एक वार्षिक उत्सव तक सीमित न रखें। सुबह के 10 मिनट का सूर्य नमस्कार, 5 मिनट का प्राणायाम, या 2 मिनट का ध्यान भी हमारे जीवन में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। बच्चों को योग सिखाएँ, ताकि वे तनावमुक्त और जागरूक बनें। बुजुर्गों को प्रेरित करें, ताकि वे स्वस्थ और सक्रिय रहें। और सबसे महत्वपूर्ण, योग के दार्शनिक सिद्धांतों—अहिंसा, सत्य, संयम—को अपने जीवन में उतारें, ताकि हम न केवल स्वयं को, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित कर सकें।

जब हम अपनी आत्मा को शांत करते हैं, तो हम समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव रखते हैं। योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन का उत्सव है। यह वह संगीत है, जो हमारी आत्मा को थामता है, हमारे मन को जागृत करता है, और समाज को एकजुट करता है। 21 जून 2025 को, जब हम योग करें, तो यह केवल एक दिन का अभ्यास न हो, बल्कि एक नई शुरूआत हो—एक ऐसी शुरूआत, जो हमें स्वयं से जोड़े, समाज को सशक्त करे, और विश्व को शांति का संदेश दे। क्योंकि योग केवल साँसों की लय नहीं, बल्कि मानवता की धड़कन है। आइए, इस योग दिवस पर हम एक वादा करें—स्वस्थ तन, स्थिर मन, और सजग समाज की नींव रखने का। यही योग का सच्चा सार है, यही भारत की अनमोल देन है, और यही मानवता का भविष्य है—एक ऐसा भविष्य, जहाँ हर साँस शांति की, हर कदम एकता की, और हर मन जागरूकता की कहानी कहे।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

# जब बेटी रसीद बन जाए

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा ह्यउरतृप्तह्व**

बात एक छोटे से कस्बे की है, जहाँ शादी का मतलब अब मंगलसूत्र से ज्यादा बैंक स्टेटमेंट से तय होता है। वहाँ एक विज्ञापन अखबार में छपा—ह्लशुद्ध कुलीन, सरकारी नौकरीपेशा, दूल्हा बिकाऊ है—सिर्फ.एक रात की बोली में।ह्व कॉलर ट्यून में माँ कहती है, ह्लहमारा लड़का कलेक्टर है, रेट देखो और जियो।ह्व ऐसा लग रहा था जैसे लड़का नहीं, आईपीएल की टीम हो, जो हर बॉल के साथ महंगी होती जा रही है। उस रविवार को, जब मंदिर में भगवान को भी आरती के लिए भीख मांगनी पड़ी, लड़के के पिता ने बुलाई थी ह्लब्याह की ब्रीफिंगह्व—एक तरह की प्रेस कॉन्फ्रेंस। टेबल पर खाकी फाइलें, स्टैम्प पेपर, और एक पुरानी डायरी थी जिस पर लिखा था—ह्लदेवराज एंड संसः वर-विक्रय में विश्वास। लड़की के पिता जब पहुँचे तो पहले उन्हें टोका गया—ह्लकुर्ता सिलवाया है या वही पुराना वाला?ह्व फिर पूछा गया—ह्लगाड़ी आई नहीं?ह्व बेचारे बोले—ह्लहमें तो उम्मीद थी रिश्ता संस्कारों से होगा।ह्व लड़के के फूफा ने घूरकर कहा—ह्लअरे संस्कारों में तो हमारी दाढ़ी झड़ गई, अब सिर्फ.स्कार्पियो, एसी और एलसीडी की बात कर।ह्व इतना सुनते ही लड़की के पिता के कानों से धुआँ और आँखों से पानी निकलने लगा। उन्होंने कहा, ह्लबेटी बहुत गुणी है, सुंदर है।ह्व माँ बोली—ह्लहमें एप्पल का मोबाइल चाहिए, आम नहीं।ह्व लड़का एक कोने में बैठा पब्जी खेल रहा था। बीच-बीच में कह देता—ह्लमम्मी, ले लो न, बहुत सुंदर है लड़की।ह्व और माँ बोली—ह्लहम सूरत नहीं, सूरत वाला फ्लैट देखेंगे। विवाह-मंडप बना नहीं, पर तम्बू का ठेका हो गया। पंडित जी के पास पूजा से ज्यादा दूल्हे की एटकलिस्ट थी। जयमाला नहीं, एक्सचेंज ऑफ डिमांड लिस्ट हुआ। दूल्हे के भाई ने हँसते हुए कहा—ह्लये सब तो नॉर्मल है, जैसे ही बारात निकलेगी, लड़की वाले 1 लाख नकद देंगे, बाकी स्टेज पर चेक से।ह्व लड़की की माँ फूट-फूटकर रोई, और सास ने कंधा थपथपाते हुए कहा—ह्लघबरा मत बहन, बेटी भेज रही है न, बकाया भी भेज देना।ह्व पंडित जी बोले—ह्लकन्यादान के साथ एक एसी, फ्रिज और 21 तोला सोना अनिवार्य है, अन्यथा मंत्र अधूरा रह जाएगा। तिलक समारोह एक मिनी महंगाई-सम्मेलन बन चुका था। हर एक मेहमान बोली लगाने आया था। ह्लमैंने अपने बेटे की शादी में दो इनोवा ली थींह्व—एक रिश्तेदार ने गर्व से कहा। जैसे शादी नहीं, स्टील की फैक्ट्री का उद्घाटन हो रहा हो। लड़की के पिता ने जब अपनी सीमित आमदनी बताई तो लड़के की माँ ने कहा—ह्लहमने तो समझा था तुम ठफ्क्रहो, ये तो निकले छक्र्ठ एजेंट।ह्व लड़का कुछ बोलने ही वाला था कि उसके मामा ने आँख मारी—ह्लबोल मत, वरना स्कूटी में बिदाई होगी।ह्व वो फिर ढवइ्रंृ में घुस गया—ह्लक्या यार, शादी हो रही है या सौदा?ह्व एक बार फूटकर बोला—ह्लमैं शादी नहीं करना चाहता पैसे पर!ह्व बाप ने थप्पड़ मारकर कहा—ह्लटइअ में यही सिखाया गया था?

## विचार

# 'तृतीय परमाणु युग': बदलती दुनिया और डगमगाते वैश्विक मानदंड

**डॉ सत्यवान सौरभ**

जब 1945 में हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिरे, तो मानवता ने पहली बार अपनी ही बनाई शक्ति के विनाशकारी रूप को देखा। उसके बाद शुरू हुआ था पहला परमाणु युग—शीत युद्ध की संदेहपूर्ण रणनीतियों और ह्यपारस्परिक सुनिश्चित विनाशह्न जैसी सोच से भरा समय। फिर आया दूसरा परमाणु युग, जिसमें परमाणु हथियार अमेरिका और रूस से बाहर निकलकर भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया, इजराइल जैसे देशों तक पहुंचे। लेकिन अब, इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में, विशेषज्ञों का मानना है कि हम 'तृतीय परमाणु युग' में प्रवेश कर चुके हैं—एक ऐसा समय, जहां पुराने संतुलन और समझौते टूटते जा रहे हैं, और परमाणु हथियार फिर से वैश्विक राजनीति के केंद्र में आ खड़े हुए हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध ने इस नए युग की शुरूआत की घोषणा कर दी है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुलेआम परमाणु हथियारों के उपयोग की धमकी दी, जिससे पूरी दुनिया सकते में आ गई। यह पहली बार था जब किसी राष्ट्राध्यक्ष ने युद्ध नीति में परमाणु हथियारों को इतनी स्पष्टता से रखा। दूसरी ओर चीन ने ताइवान पर अपना दावा और कठोर किया है और अपने परमाणु भंडार का तीव्र आधुनिकीकरण कर रहा है। अमेरिका भी इस दौड़ में पीछे नहीं रहना चाहता और उसने भी अपने परमाणु हथियारों को तकनीकी रूप से उन्नत करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। भारत और पाकिस्तान के बीच भी, बालाकोट और पुलवामा जैसे घटनाक्रमों के बाद, सीमाओं पर तनाव और 'परमाणु विकल्प' पर बहस बढ़ी है। जब 1968 में परमाणु अप्रसार संधि अस्तित्व में आई, तब यह सोचा गया कि यह हथियार केवल पांच स्थायी शक्तियों तक सीमित रहेंगे और धीरे-धीरे उनका पूर्ण उन्मूलन होगा। लेकिन हकीकत इससे ठीक उलट है।

आज भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल जैसे देश संधि के बाहर रहकर भी परमाणु शक्ति से लैस हैं और इसे राष्ट्रीय गौरव का विषय मानते हैं। इसके साथ ही जो संधियाँ कभी परमाणु हथियारों पर नियंत्रण की रीढ़ मानी जाती थीं—जैसे कि मध्यम दूरी की परमाणु संधि और नया सामरिक हथियार संधि—या तो समाप्त हो चुकी हैं या निष्क्रिय हो गई हैं। विकसित देश, जो खुद इन घातक हथियारों से लैस हैं, विकासशील देशों से निरस्त्रीकरण की अपेक्षा रखते हैं लेकिन स्वयं इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाते। इससे वैश्विक मंच पर एक प्रकार की दोहरी नीति दिखाई देती है, जो न केवल इन समझौतों की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाती है, बल्कि विकासशील देशों में असंतोष भी पैदा करती है। कभी ह्यपरमाणु निवारणह्न की नीति ने दो महाशक्तियों को सीधे युद्ध से रोके रखा था, लेकिन आज की बहु-ध्रुवीय दुनिया में यह सोच अब कमजोर होती दिख रही है। आज के विश्व में जहां निर्णयकर्ता नेता अधिक अस्थिर, अनिश्चित और राष्ट्रहित की आक्रामक व्याख्या करने वाले हैं, वहां यह नीति कितनी प्रभावी है, यह एक बड़ा प्रश्न बन चुका है। उत्तर कोरिया का लगातार मिसाइल परीक्षण करना, चीन द्वारा सैकड़ों नए मिसाइल प्रक्षेपण स्थल बनाना और रूस द्वारा बेलारूस में परमाणु हथियारों की तैनाती—ये सभी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि परंपरागत निवारण नीति अब खंडित हो रही है। इस युग की एक अन्य विशिष्टता यह है कि अब परमाणु हथियार अकेले नहीं हैं। इनके साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अतिशीघ्र गति से चलने वाली मिसाइलें, साइबर युद्ध और स्वचालित ड्रोन प्रणाली भी जुड़ चुकी हैं।

अमेरिका और चीन जैसे देश अपने परमाणु निर्णय प्रणाली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जोड़ने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह तकनीक एक ओर जहां तुरंत निर्णय लेने की क्षमता बढ़ा सकती है, वहीं दूसरी ओर किसी तकनीकी त्रुटि या साइबर हमले से अनायास ही परमाणु युद्ध छिड़ने की आशंका को भी जन्म देती है। भारत की स्थिति इस बदलती दुनिया में विशेष रूप से विचारणीय है। भारत ने अब तक 'पहले प्रयोग नहीं करने' की नीति अपनाई है और परमाणु हथियारों के नैतिक उपयोग पर बल दिया है। लेकिन चीन की बढ़ती आक्रामकता और पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के कारण भारत की परमाणु नीति की पुनर्समीक्षा की मांग अब उठने लगी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कॉलर ट्यून या कलेजे पर हथौड़ा: हर बार अमिताभ क्यों?

**प्रियंका सौरभ**

सरकार को समझना चाहिए कि चेतावनी सिर्फ चेतना के लिए होती है, प्रताड़ना के लिए नहीं। एक बार, दो बार, चलिए तीन बार — पर हर कॉल पर वही ट्यून, वही स्क्रिप्ट, वही अंदाज — यह सिर्फ संचार व्यवस्था को बोझिल नहीं बना रही, बल्कि जनता का भरोसा भी खो रही है। आखिर हम कब तक तकनीक के इस बोझ को झेलती रहेंगी? भाई साहब, बात एकदम सीधी और साफ है — मैं भी अमिताभ बच्चन की कला की उतनी ही बड़ी प्रशंसक हूँ जितना कोई और। कौन नहीं है? वे अभिनय के सम्राट हैं, आवाज में गरज है, आंखों में भाषा है, और संवाद अदायगी ऐसी कि शब्दों को भी पसीना आ जाए। लेकिन अब वक्त आ गया है कि हम भावुकता और वास्तविकता को अलग-अलग करके देखें। एक तरफ हम उस कलाकार का सम्मान करते हैं, तो दूसरी तरफ आज आम जनता जिस मानसिक थकावट और व्यवहारिक समस्या से जूझ रही है, उस पर सवाल उठाना भी जरूरी है। जी हाँ, मैं बात कर रही हूँ उस चेतावनी भरी कॉलर ट्यून की, जो अमिताभ बच्चन की आवाज में साल भर से हर मोबाइल कॉल पर हमारे कानों में हथौड़ा मार रही है। अब सोचिए, जब भी आप किसी को कॉल करते हैं, आपको पहले 30 सेकंड तक अमिताभ बच्चन की कर्कश, बूमिंग आवाज में एक रटा-रटाया साइबर ठगी से बचने का उपदेश सुनना पड़ता है। न मर्जी पूछी जाती है, न विकल्प दिया जाता है। आप चाहे दिन में पहली बार कॉल कर रहे हों या पचासवीं बार, वही चेतावनी... वही लय, वही थरार्ती चेतावनी। लोगों का तो यहाँ तक कहना है कि ये कॉलर ट्यून अब जनता का मानसिक उत्पीड़न बन चुकी है। दिमाग की नसों में जो कंपकंपी फैलती है, उसे विज्ञान वाले ह्यवाइब्रेशनह्न कहें, पर आम जनता इसे 'तंग आना' कहती है। किसी से एक जरूरी बात करनी हो, और सामने से आवाज आती है — "आपका कॉल साइबर अपराध से सुरक्षा हेतु रोका गया है..." — आदमी खुद को अपराधी न मान बैठे, तो क्या करे? अब मुद्दे की बात ये है कि आखिर ये कॉलर ट्यून क्यों अभी भी जारी है? यह कोई नया अभियान नहीं है। यह चेतावनी करीब एक साल से हर मोबाइल उपभोक्ता तक रोजाना, बार-बार पहुंचाई जा रही है। क्या इस देश में अब भी कोई ऐसा कोना बचा है जहाँ यह संदेश नहीं पहुंचा? क्या सचमुच सरकार को लगता है कि आम जनता इतनी जड़ है कि 365 दिन में भी वह यह नहीं समझ पाई कि उसे डळढ किसी को नहीं बताना चाहिए?

# बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बिछने लगी बिसात

**राजेश माहेश्वरी**

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक बिसात बिछने लगी है। नवंबर से पहले चुनाव होना तय है। इसी बीच एक ओपिनियन पोल आया है। जिसके आंकड़े चौंकाने वाले हैं। पोल ट्रैकर के सर्वे मुताबिक इस बार इंडिया गठबंधन एनडीए से आगे निकल सकता है। सर्वे के मुताबिक बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व राजद नेता तेजस्वी यादव सीएम फेस के लिए पहली पसंद बताए जा रहे हैं। तेजस्वी के पक्ष में 43 फीसदी लोगों ने मत दिया है। सत्ता पर काबिज नीतीश कुमार दूसरे पायदान पर हैं। 31 फीसदी लोग नीतीश कुमार को पसंद करते हैं। जनसुराज के संयोजक प्रशांत किशोर तीसरे नंबर पर हैं। राजद नेता तेजस्वी लगातार सामाजिक व आर्थिक न्याय की बात कर रहे हैं। वह ओबीसी कुनबा बढ़ाने में जुटे हैं। तेजस्वी यादव बिहार में सीएम नीतीश के सोशल कॉम्बिनेशन को साधने में जुट गए हैं। नीतीश के लव कुश समीकरण को तोड़ने के लिए राजद ने औरंगाबाद से सांसद अभय कुशवाहा को लोकसभा में राजद संसदीय दल का नेता घोषित किया है। इसी तरह वह कुर्मी समुदाय में भी पैठ बना रहे हैं। सर्वे की रपट के बावजूद, तेजस्वी यादव की सत्ता में वापसी की राह में कई चुनौतियां हैं। चुनाव में एक साथ उतरने को तैयार महागठबंधन के घटक दलों ने एक-दूसरे की पसंदीदा सीटों की सूची देखने भर के लिए तो सहमति बनी, लेकिन महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को सीएम कैंडिडेट बनाने पर सहमति नहीं दी है। महागठबंधन के नेताओं ने तय किया कि विधानसभा चुनाव में महागठबंधन जनता के बीच जाने के लिए एक कॉर्डिनेशन कमेटी का गठन करेगा। तेजस्वी यादव को इस कॉर्डिनेशन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। भले ही तेजस्वी को कॉर्डिनेशन कमेटी की कमान दे दी गई, लेकिन महागठबंधन के चेहरे के तौर पर तेजस्वी के नाम का ऐलान नहीं हो पाने से उनका मामला अटक गया है। इस बीच तेजस्वी यादव दो तरफा सियासी चुनौतियों से घिरे हुए हैं। एक तरफ एनडीए के निशाने पर तेजस्वी हैं, तो दूसरी तरफ असदुद्दीन ओवैसी से लेकर प्रशांत किशोर से भी उन्हें दो-दो हाथ करने पड़ रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस ने भी तेजस्वी यादव की सियासी टेंशन बढ़ा रखी है। ऐसे में सवाल उठता है कि ओवैसी से लेकर पीके तक के सियासी चक्रव्यूह को तेजस्वी यादव कैसे तोड़ पाएंगे? तेजस्वी यादव बिहार की सियासत में खुद को स्थापित करने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### दो अवैध कॉलोनियों में की गई तोडफोड़ की कार्रवाई

**इंद्री (मैनपाल कश्यप)** जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को कस्बा करनाल में दो अवैध कालोनियों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इनमें से एक अवैध कॉलोनी लगभग डेढ़ एकड़ में गांव रम्बा में करनाल-रम्बा रोड पर स्थित है जिसमें सभी कच्ची सडकों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार दूसरी अवैध कॉलोनी लगभग ढाई एकड़ में जी. टी. रोड पर नई अनाज मंडी के पास स्थित है जिसमें सभी कच्ची सडकों, सीवर नेटवर्क के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान जिला नगर योजनाकार करनाल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना सदर की पुलिस फोर्स मौके पर उपस्थित रही।

जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति अवैध कालौनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफोड़ की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निमार्णों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफोड़ की कार्रवाई जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज करवाये जायेंगे।

### सबरस गांव में 19 वर्षीय लड़के की शादी पर लगी रोक, टीम ने दी सख्त चेतावनी

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** तावडू उपमंडल क्षेत्र के गांव सबरस में एक 19 वर्षीय नाबालिग लड़के की शादी की तैयारी को जिला बाल विवाह निषेध टीम ने समय रहते रुकवा दिया। जानकारी के अनुसार, लड़के की बारात सोहना रायपुर में जाने की तैयारी थी, लेकिन जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी मंजू जैन के नेतृत्व में शुक्रवार को गांव पहुंची टीम ने मौके पर दस्तावेजों की जांच कर शादी पर रोक लगा दी। जांच में स्पष्ट हुआ कि लड़का अभी 21 वर्ष से कम उम्र का है, जो कि लड़कों के लिए वैधानिक विवाह आयु की सीमा है। इस पर टीम ने परिवार को बाल विवाह के कानूनी परिणामों और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी मधु जैन ने बताया कि बाल विवाह न केवल कानून के विरुद्ध है बल्कि बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास के लिए भी बेहद नुकसानदायक होता है। हालांकि, कुछ ग्रामीणों द्वारा शुरू में विरोध भी किया गया, लेकिन विभाग की सख्त समझाइश और कानूनी चेतावनी के बाद परिवार ने शादी को स्थगित करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही परिवार की ओर से एक एफिडेविट प्रस्तुत किया गया, जिसमें बालिग होने के बाद ही विवाह करने की बात कही गई है। अधिकारी ने बताया कि अक्सर लोग शादी के खर्चे से बचने के लिए जल्दबाजी में बाल विवाह की ओर बढ़ते हैं, लेकिन यह कानूनन अपराध है और बच्चों के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं और बाल विवाह के मामलों में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाती है।

### पेयजल लाइन की खोदाई से बना गड्ढा बना हादसे की वजह, बाइक सवार तीन युवक घायल



**गन्नौर** । खेड़ी रोड पर सोमवार को टूटी पेयजल सप्लाई लाइन की मरम्मत के लिए की गई खुदाई अब दुर्घटना का कारण बन गई। खेड़ी मोड़ पर मरम्मत कार्य से बना गड्ढा खुला पड़ा था, जिसमें मंगलवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक पर सवार तीनों युवक घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। ज्ञात हो कि सोमवार को खेड़ी रोड क्षेत्र में मुख्य पेयजल सप्लाई लाइन टूटने के कारण पानी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई थी। जल विभाग द्वारा जेसीबी मशीन से खुदाई कर मरम्मत कार्य किया गया था। दोपहर बाद सप्लाई लाइन को अस्थाई रूप से जोड़ा तो गया, लेकिन खुदाई के बाद सड़क पर बने गड्ढों को ठीक नहीं किया गया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि विभाग ने मरम्मत के बाद सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध नहीं किए, जिससे यह हादसा हुआ। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गड्ढों को भरकर रास्ता सुचारू किया जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो।

# जिलास्तरीय योग कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे राज्यमंत्री राजेश नागर: उपायुक्त विश्राम कुमार

**योग कार्यक्रम**

**इस योग कार्यक्रम में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के संबोधन का भी लाइव प्रसारण किया जाएगा**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला नूंह में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल 21 जून को पुलिस लाइन नूंह स्थित परेड ग्राउंड में धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके लिए जिला प्रशासन ने सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर मुख्यातिथि होंगे। इस योग कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी के संबोधन का भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके साथ ही योग आचार्यों द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार योग किए जाएंगे। यह कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से शुरू हो जाएगा।

उपायुक्त ने यह जानकारी शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के मद्देनजर योग कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल के दौरान उपस्थित स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों व योग साधकों को संबोधित करते हुए दी। उपायुक्त ने योग कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल में युवाओं, बच्चों के साथ योग का अभ्यास किया और इस अवसर पर पुलिस लाइन ग्राउंड में पौधारोपण भी किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी के योग युक्त-नशा मुक्त व हरित हरियाणा के आहवान के मद्देनजर अधिक से अधिक युवाओं को योग से जोड़ने के लिए योग दिवस के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। जिला नूंह के लोगों में योग के प्रति विशेष उत्साह है, जिस कारण अब तक जिला के युवाओं ने करीब एक लाख से अधिक संख्या में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया है। उन्होंने कहा कि योग को हमें आपस में जुड़े रहने की सीख देता है और इससे जीवन अनुशासित भी बनता है। योग को जीवन में अपनाने से जहां शरीर स्वस्थ्य रहता है, वहीं व्यक्ति की आदतें भी अच्छी बनती हैं और वह बुराइयों से दूर रहता है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरुकता लाने के लिए किया मैराथन का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए जिला नूंह में मैराथन का आयोजन किया गया।

## शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित



**सिरसा, (रणबीर खटक)**
जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जेके ऑगेर्नाइजेशन के सहयोग से स्थानीय इंडो अमेरिकन मोंटेसरी प्री स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि स्वर्गीय श्री हरिशंकर सिंघानिया के 92वें जन्मदिन पर आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में 21 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया गया। सामान्य अस्पताल सिरसा के रक्तबैंक की टीम डा. समता, रक्तसंचार अधिकारी औम प्रकाश, लैब टेक्नीशियन द्वारा रक्त एकत्रित किया गया।

सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान करना बहुत ही पुण्य का काम है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढेरों रंग भी भरता है। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक तीन माह के पश्चात रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता हैं।

शिविर में नीतीश भर्थवाल, तरसेम गोयल, रोहताश जोशी, यशपाल गांधी तथा मनीप सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 को : डा. इरम हसन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि 12 जुलाई को जिला न्यायिक परिसर व सब डिवीजन इन्द्री, असंध व घरौंडा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति आपसी रजामंदी व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने लंबित मुकदमों का निपटारा करा सकता है।

# योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय अनाज मंडी में जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में आयोजित योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल में स्कूली बच्चों, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद शिरकत करेंगे।उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से समारोह से जुड़ेंगे और देशवासियों के नाम अपना शुभ संदेश देंगे। इसके बाद कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। इन दोनों कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण कार्यक्रम में दिखाया जाएगा। इसके बाद योग प्रशिक्षकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को योग क्रियाएं करवाई जाएंगी।एसडीएम ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नीलोखेड़ी के कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, इंद्री के कार्यक्रम में इंद्री के विधायक एवं चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप, घरौंडा के कार्यक्रम में एसडीएम राजेश सोनी, असंध के कार्यक्रम में असंध के विधायक योगेंद्र सिंह राणा, निसिंग के कार्यक्रम में जिला परिषद की चेयरमैन प्रवेश कुमारी, चिड़ाव के कार्यक्रम में हरियाणा गऊ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग, मूनक के कार्यक्रम में हरियाणा एससी कमीशन के चेयरमैन रविंद्र सिंह बलियाला, कुंजपुरा के कार्यक्रम में करनाल नगर निगम मेयर रेनू बाला गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी।

## दो अवैध कॉलोनियों में चला पीला पंजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को जिले में दो अवैध कालोनियों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इनमें से एक अवैध कॉलोनी लगभग डेढ़ एकड़ में गांव रम्बा में करनाल-रम्बा रोड पर स्थित है, जिसमें सभी कच्ची सडकों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार दूसरी अवैध कॉलोनी लगभग ढाई एकड़ में जीटी रोड पर नई अनाज मंडी के पास स्थित है, जिसमें सभी कच्ची सडकों, सीवर नेटवर्क के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान जिला नगर योजनाकार करनाल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना सदर की पुलिस फोर्स मौके पर उपस्थित रही।

जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति अवैध कालौनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफोड़ की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निमार्णों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफोड़ की कार्रवाई जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज करवाए जाएंगे।

# भाजपा का विकसित भारत संकल्प अभियान बना जन आंदोलन: अजय मित्तल

**योग शिविर**

**विश्व योग दिवस पर भाजपा विभिन्न स्थानों पर आयोजित करेगी योग शिविर - अजय मित्तल**



**पंचकूला: 20 जून:मैनपाल**
प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि हेतु भाजपा जिला संगठन अपने शक्तिकेन्द्रो एवं मंडलों में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन कर रही है। संकल्प सभाओ में पार्टी कार्यकर्ताओ के अलावा आम नागरिको को भी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलवाया जा रहा है। इसी क्रम में पंचकूला के सेक्टर 9 में आयोजित संकल्प सभा में पहुंचे भाजपा जिला प्रधान अजय मित्तल ने कहा, संकल्प सभाओ में आम जनता जिस प्रकार उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर भाग ले रही है इसे देखते हुए ये कहा जा सकता है कि भाजपा का विकसित भारत संकल्प अभियान अब विराट जन आंदोलन बनता जा रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रमोद वत्स, मंडल संयोजक उमेश सूद, शक्ति केंद्र प्रमुख के चन्दन, सह प्रमुख अमित अग्रवाल, बूथ अध्यक्ष गौरव जिंदल, सोहन लाल गोयल, राम भजन सिंगला, किरण चौहान, नरेश सिंगला, वेलफेयर एसोसिएशन प्रधान जय राजा गर्ग सहित तमाम पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी मौजूद रहे। इस मौके पर अजय मित्तल ने पंचकूला वासियों से 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर योग करने की अपील करते हुए कहा, भाजपा जिले में विभिन्न स्थानों पर योग शिविर का आयोजन कर रही है, जिसमे प्रशिक्षक की निगरानी में विभिन्न योगासन करवाए जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान पंचकूला सेक्टर 9 के हाऊस ऑनर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जय राजा गर्ग ने अजय मित्तल को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

# ग्लोब क्रिकेट अकादमी ने जीती सढ़ूरा में ट्रॉफी



**लाडवा, 20 जून (विजय कौशिक)** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के माध्यम से चल रही ग्लोब क्रिकेट अकादमी ने सढ़ूरा गाँव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में ट्रॉफी पर कब्जा किया। क्रिकेट कोच विशाल ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब साढ़ूरा कि तरफ से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में 3 लीग मैच जीतकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया और सेमी फाइनल मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया जो फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब साढ़ूरा व ग्लोब क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की टीम ने 20 ओवर में 143 रन का लक्ष्य दिया जिसे ग्लोब क्रिकेट टीम ने 18 ओवर में 4 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। फाइनल मैच में आर्यन ने 4 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच खिताब हासिल किया। अंश सैनी ने 70 रन बनाये और अर्णव कम्बोज ने 35 रन बनाये व दो विकेट हासिल किये। जश्न कम्बोज ने मैन ऑफ द सीरीज का खिताब हासिल किया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने विजेता टीम को शुभकामनायें देते हुए कहा कि बच्चे के लिए पढ़ाई के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ना वर्तमान समय की मांग है इसलिए स्कूल की तरफ से इस तरह की बहुत सुविधाएँ बच्चों को प्रदान की जा रही हैं और ये सभी गतिविधिया एकाग्रता बढ़ाने के लिए अति आवश्यक हैं जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि एकाग्रता सफलता की सर्वोत्तम कुंजी है।

## दुष्कर्म प्रयास का मामला सामने आया

**रणदीप धानियां,कलायत।**
कलायत थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म प्रयास का मामला सामने आया है। परिजनों अनुसार युवती कुछ समय पहले आरोपी के घर कपड़ों की सिलाई सीखने जाती थी। अब उसने घर पर सिलाई का कार्य शुरू किया। इस दौरान कपड़े काटने की कैंची लेने के लिए वह आरोपी के घर गई। मौके का फायदा उठाकर युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। घटना की जानकारी परिजनों को देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। युवती ने साहस का परिचय देते हुए घटना की जानकारी परिजनों को दी। इस पर पुलिस को शिकायत दी गई।

# शाहबाद के धंतौड़ी गांव में जलभराव की समस्या पर विधायक सख्त



**शाहबाद मारकंडा 20 जून (प्रदीप कुमार)**
शाहबाद के गांव धंतौड़ी में बारिश के पानी की निकासी और नाले की सफाई को लेकर स्थिति बिगड़ने लगी है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक रामकरण काला स्वयं मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने इरिगेशन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए नाले की तुरंत सफाई के निर्देश दिए।

विधायक काला ने मौके पर इरिगेशन विभाग के अधिकारी रंजनारायण (जी.आई.) को बुलाया और जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए साफ-सफाई कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है, ऐसे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बता दें कि पिछले कई वर्षों से बरसात के समय नाले की सफाई न होने के कारण पानी खेतों और घरों में घुस जाता है, जिससे फसलें खराब हो जाती हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।विधायक ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को अनदेखा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द नाले की सफाई पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। वही नालों की बरसात से पहले सफाई करने के कार्य से उम्मीद जताई जा रही कि अबकी बार समस्या का स्थायी समाधान किया जा रहा है।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर कट मिलने तथा उजीना में एग्जिट कट मिलने की पूरी संभावना



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस वे पर नूंह जिले के मरोड़ा गांव में कट मिलने की पूरी संभावना जग गई है। इतना ही नहीं उजीना गांव के समीप दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस वे पर दिल्ली की तरफ से आने वाले यात्रियों के लिए एग्जिट कट को लेकर भी प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की बातचीत हो चुकी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एचएसआईआईडीसी से संबंधित इन दोनों बड़ी मांगों का ड्राफ्ट तैयार कर सरकार को भेजने के लिए कहा है। इस बारे में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों के साथ बैठक भी हो चुकी है। जल्दी ही विभाग एक रिपोर्ट देगा। 4 - 6 महीने में काम होगा तो बड़ा लाभ होगा।

आपको बता दें कि दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेसवे देश के सबसे बेहतरीन मार्गो में से एक है। इस मार्ग पर नूंह जिले में मरोड़ा गांव में कट मिलने की मांग पिछले कई सालों से सामाजिक संगठन एवं राजनीतिक लोग उठाते आ रहे हैं। लेकिन सरकार ने इसको लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। पिछले दिनों नूंह जिले के दौरे पर आए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से नूंह जिले की लंबित मांगों को लेकर बातचीत की गई तो दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेसवे पर मरोड़ा गांव में कट तथा उजीना में एग्जिट एंट्री को लेकर भी विस्तार पूर्वक बातचीत हुई। इसके बाद अब इन दोनों मांगों पर अमल होता हुआ दिखाई पड़ रहा है।

कुल मिलाकर जिले के बीचो - बीच अगर मरोड़ा गांव में कट मिलता है और उजीना गांव में एग्जिट कट मिलता है तो इस जिले में तेजी से देश में दुनिया भर के बड़े औद्योगिक घरानों का ध्यान जाएगा और यहां भी बड़े उद्योग धंधे दिखाई देंगे। इससे जिले का विकास तेज गति से होगा। कुल मिलाकर अब जिले की इन दोनों बड़ी मांगों को लेकर शासन और प्रशासन संजीदा दिखाई दे रहा है। मासिक पत्रकार वार्ता के दौरान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने एचएसआईआईडीसी से संबंधित इन दोनों बड़ी मांगों पर खुलासा करते हुए कहा कि जिले के लोगों की लंबे समय से यह मांग चली आ रही थी। इस दिशा में भी अब तेजी से कदम आगे बढ़ाई जा रहे हैं। इसके अलावा उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नूंह से उजीना गांव तक जल्दी फोरलेन सड़क बनाने के प्रपोजल पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि पटौदी, तावडू, होडल मार्ग की पहले ही फोरलेन बनाने की घोषणा हो चुकी है, लेकिन फॉरेस्ट की एनओसी नहीं मिलने की वजह से काम शुरू होने में लगातार देरी हो रही है। दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेसवे से अच्छी कनेक्टिविटी उजीना कट से नूंह शहर तक हो, इस पर तेजी से विचार किया जा रहा है और जल्द ही सार्थक नतीजे सामने आएंगे।

# 4 दिवसीय योग शिविर का किया समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 19 जून (विजय कौशिक)** भारत विकास परिषद लाडवा एवं भारतीय योग संस्थान द्वारा लाला जमना दास पार्क में 4 दिवसीय योग शिविर का समापन किया गया।

योग साधक अरविंद सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस चार दिन के योग शिविर में योग साधकों को विभिन्न योग आसन कराए गए। योग साधकों को 21 जून को होने वाले योग दिवस के प्रोटोकॉल के तहत योगासन, प्राणायाम करवाए गए। उन्होंने बताया कि योग से हमारा तन और मन स्वस्थ रहता है। डॉ अमृतपाल गर्ग ने शिविर में योग साधकों को पेट से जुड़ी समस्याओं, मधुमेह, हड्डी से जुड़े रोगों के बारे में विस्तार से बताया गया। इन बीमारियों के शुरूआत के लक्षण तथा उनका योग एवं प्राणायाम द्वारा उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।आज शिविर के अंतिम दिन परिषद अध्यक्ष अमन गोयल ने शिविर में भागीदारी कर रहे सभी योग साधकों का धन्यवाद किया तथा उन्हें निरंतर योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 21 जून को कुरुक्षेत्र में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय योग समारोह में भाग लेने के लिए जाने हेतु सभी सदस्यों की आवश्यक ड्यूटियां लगाई। इस अवसर पर भारत विकास परिषद लाडवा, भारतीय योग संस्थान लाडवा के सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### प्रेम विवाह करने वाली युवती ने ससुराल पक्ष पर लगाया मारपीट का आरोप

**रादौर/ (कुलदीप सैनी):** प्रेम विवाह करने वाली विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर उसके साथ मारपीट करने व उसे जबरन घर से निकालने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग जबरन उससे तलाक के कागज पर हस्ताक्षर करवाना चाहते थे। मना करने पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया है। जठलाना पुलिस को दी शिकायत में 19 वर्षीय युवती ने बताया कि उसने नाहरपुर निवासी आकिल से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद वह दोनों यमुनानगर में किराए के मकान में रह रहे थे। करीब ढाई महीने बाद आकिल उसका फोन तोड़कर घर से यह कहकर चला गया कि वह ड्यूटी पर जा रहा है। लेकिन उसके बाद वह वापिस नहीं लौटा। जिसकी मैने शिकायत भी दी। शिकायत पर आकिल व उसके परिवार वाले एक बार आने के बाद दोबारा हाजिर नहीं हुए। चार दिन पहले वह आकिल के घर नाहरपुर गई थी। जहां आकिल के पिता तासीन, मां नसीमा, आदिल, आरिफ, मन्नू व गफ्फार बैठे हुए थे। मैने आकिल की मां से आकिल के बारे में पूछा लेकिन उन्होंने मुझे कुछ नहीं बताया। इस दौरान वह मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। उन्होंने मुझे पकड़कर अंदर खींचा और जबरन मेरे से तलाक के कागज पर साइन करवाने का प्रयास किया। लेकिन मैने मना कर दिया। जिसके बाद उन्होंने मेरे मुंह में जबरन कुछ डाल दिया और मारपीट की। मेरे भाई मुन्नवर ने डायल 112 की गाड़ी बुलाई और मुझे अस्पताल पहुंचाया। जहां से मुझे यमुनानगर रैफर कर दिया गया।

### फसल अवशेष जलाने पर तीन किसानों पर केस

**रादौर/ (कुलदीप सैनी):** फसल अवशेष जलाने पर कृषि विभाग की ओर से तीन किसानों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक डा. आदित्य डबास ने बताया कि सरकार व विभाग के निर्देशों पर फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन उसके बाद भी कुछ लोग फसल अवशेष जलाकर नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। उन्हें सूचना मिली कि गांव धिलौर में भी कुछ लोगों ने फसल अवशेष जलाए हुए है। सूचना पर उनकी टीम के सदस्य मौके पर पहुंचे तो गांव धिलौर निवासी लखविंद्र सिंह, प्रमोद बाली व गनमौरी निवासी अगंद ने अपने खेतो में फसल अवशेष जलाए हुए थे।

### वी ने हरियाणा के उपभोक्ताओं के लिए इंडोर नेटवर्क एवं डेटा स्पीड के अनुभव को बनाया बेहतर

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज हरियाणा में अपने नेटवर्क में उल्लेखनीय विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने 1500 से अधिक साईट्स पर सबसे प्रभावी 900 एमएचजेड स्पैक्ट्रम को सफलतापूर्वक तैनात किया है तथा मुख्य शहरों जैसे पानीपत, सोनीपत, भिवानी, रेवाड़ी, पलवल, जींद, सिरसा, हिसार, रोहतक, करनाल, अंबाला, कुरुक्षेत्र, बहादुरगढ़ आदि में 1200 से अधिक साईट्स पर अपनी क्षमता को एलएचजेड से दोगुना कर 10 एमएचजेड कर लिया है। नेटवर्क में इस अपग्रेड के चलते खासतौर पर घनी आबादी वाले एवं शहरी इलाकों में वी के उपभोक्ता उत्कृष्ट इंडोर नेटवर्क का अनुभव पा रहे है। इसके अलावा वी ने हरियाणा की 1900 से अधिक साईट्स पर 2100 एमएचजेड बैण्ड में अपने स्पैक्ट्रम को 10 एमएचजेड से अपग्रेड कर 15 एमएचजेड कर लिया है। इस विस्तार के चलते उपभोक्ता वी गीगानेट पर तेज डेटा स्पीड का अनुभव पा रहे हैं। वी ने हरियाणा में 950 से अधिक नई साईट्स भी लगाई हैं। अपने नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने तथा उपभोक्ताओं को वी का सर्वश्रेष्ठ नेटवर्क अनुभव प्रदान करने की योजनाओं के तहत यह क्षमता विस्तार एवं अपग्रेडेशन किया गया है।

# कैंट में डीसी ने ड्रेनों व नालों की सफाई व्यवस्था जांची

## अधिकारियों के साथ उनके क्षेत्र के अंतर्गत पडने वाली ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

**सफाई व्यवस्था**

अम्बाला छावनी में कई स्थानों का जायजा लेते हुए ड्रेनों व नालों की सफाई व्यवस्था की वास्तविकता जांची



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मानसून सीजन के मद्देनजर अम्बाला छावनी में कई स्थानों का जायजा लेते हुए ड्रेनों व नालों की सफाई व्यवस्था की वास्तविकता जांची। इस दौरान उन्होंने कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था बारे आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर उनके साथ सीईओ कैंटोनमैंट बोर्ड राहुल आनंद शर्मा, एसीयूटी राहुल कनवरिया, एसडीएम अम्बाला छावनी विनेश कुमार के साथ-साथ सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने ड्रेनों की सफाई व्यवस्था के तहत नगर परिषद, सिंचाई विभाग, कैंटोनमैंट बोर्ड, रेलवे, एनएचएआई, बिजली निगम, जन स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, खनन विभाग व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ उनके क्षेत्र के अंतर्गत पडने वाली ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जहां पर पानी निकासी में अड़चन आ रही थी, उसे दुरुस्त करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी में ड्रेनों, पम्प हाउस के साथ-साथ अन्य स्थानों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया था और उसके अंतर्गत कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने बारे निर्देश दिए थे। उसी के तहत आज उन स्थानों का दौरा किया गया है कि जो निर्देश दिए गए थे उनकी अनुपालना हुई है या नहीं। इसके दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों के साथ मौका स्थल पर सफाई व्यवस्था को देखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सफाई व्यवस्था के तहत काफी हद तक कार्य किया गया है और जो कुछ कार्य शेष बचा है उसे जल्द ही पूरा करने बारे निर्देश दिए गए है। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले मानसून को ध्यान में रखते हुए हमारी सभी तैयारियां पूरी है। बब्याल पम्प हाउस पर हॉट लाईन कनैक्शन चालू करने की प्रक्रिया प्रगति पर है, जल्द ही यहां पर यह कनैक्शन इंस्टाल हो जाएगा। इसके साथ-साथ जो पम्प रिपेयर संबंधी थे वह भी रिपेयर हो चुके हैं। उपायुक्त अजय सिंह ने निरीक्षण के दौरान कैंटोनमैंट बोर्ड के अंतर्गत मिल्ट्री एरिया में गुडगुडिया नाले के तहत आने वाली ड्रेन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने यहां पर सफाई से सम्बन्धित कार्य की पहले की फोटो और अब की सफाई व्यवस्था की वास्तविकता को देखा और कहा कि सिंचाई विभाग इससे आगे वाले क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को बेहतर समन्वय के साथ करवाए ताकि बरसाती पानी की निकासी में किसी प्रकार की रूकावट न आए। पुराने रेलवे अस्पताल के नजदीक गुजर रही ड्रेन की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और रेलवे से सम्बन्धित अधिकारियों को यहां पर सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# तांबा तार चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा/(प्रदीप कुमार)**

**तार बरामद**

कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से चोरीशुदा तांबा तार बरामद करने में सफलता हासिल की है

कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा तांबा तार चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में थाना शाहबाद पुलिस टीम ने तांबा तार चोरी करने के आरोपी संजीव कुमार वासी रामनगर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से चोरीशुदा तांबा तार बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 19 जून 25 को थाना शाहबाद पुलिस को दी अपनी शिकायत में नीरज वासी किशनगढ़ जिला कुरुक्षेत्र ने बताया वह खेतीबाड़ी का काम करता है। दिनांक 19 जून 25 को वह अपनी सूरजमुखी की फसल कटवाने के लिए, खेत पर गया था। जब वह खेत पर पहुंचा तो उसने देखा कि खेत पर किसी ने आग जलाकर उसकी मोटर की तांबा तार निकाल ली है। जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच की गई।

## राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आवेदन के लिए बढाई गई तिथि

**पानीपत, (कमाल हुसैन)** आईटीआई प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चलाए जा रहे विभिन्न इंजीनियरिंग तथा गैर इंजीनियरिंग व्यवसायों में सत्र 2025-26 के दाखिले हेतू ऑनलाईन आवेदन, दाखिला वैबसाइट एचटीटीपीएस:// पर आवेदन करने की तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब इच्छुक आवेदक 27 जून तक आवेदन कर सकते हैं। पहले यह तिथि 20 जून 2025 जून थी। उन्होंने बताया कि दाखिला संबंधी विस्तृत जानकारी बार, विवरण पत्रिका, संस्थानों की सूची एंव संस्थानवार सीटों बारे सूचना वेबसाइट एचटीटीपीएस:// / पर उपलब्ध है। विभिन्न दाखिला चरणों में मैरिट एवं सीट अलाटमैंट जारी करने के कार्यक्रम बारे सूचना भी दाखिला वैबसाइट पर उपलब्ध करवाई जाएगी। आईटीआई प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने प्रार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे दाखिला वैबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहे। प्रार्थियों को शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण एवं स्थाई निवासी इत्यादि मूल-प्रमाण पत्रों की स्कैनड प्रतियां दाखिला फार्म में आवश्यकतानुसार अपलोड करनी होंगी।

# योग हमारी पुरातन संस्कृति, दैनिक जीवन शैली का बनाएं हिस्साः नरेंद्र

**रिहर्सल**

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शुक्रवार को एक भव्य पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर/(कुलदीप सैनी) :** अनाज मंडी परिसर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शुक्रवार को एक भव्य पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और दीप प्रज्जवलित कर रिहर्सल शिविर का शुभारंभ किया। शिविर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. प्रतिभा भाटिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर की अध्यक्षता संयोजक डा. ललित सैनी ने की। कार्यक्रम में करीब 450 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग अभ्यास सत्र का संचालन डा. अजय सिंह, फार्मासिस्ट संजीव, आयुष योग सहायक अमित शर्मा, सचिन व भारत विकास परिषद से डा. भारद्वाज ने किया। योग साधकों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर एसडीएम नरेंद्र कुमार ने कहा कि योग हमारी पुरातन संस्कृति का हिस्सा है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि अब हमारी यह पुरातन संस्कृति पूरे विश्व में अपनाई जा रही है और 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका श्रेय भी हमारे देश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही जाता है। योग से न केवल हम दीघार्यु हो सकते है बल्कि कई प्रकार की गंभीर बिमारियों पर होने वाले खर्च को भी बचा सकते है। इसलिए हमें योग को नियमित तौर पर अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। संयोजक डा. ललित सैनी ने प्रतिभागियों को योग की वैज्ञानिक महत्ता, योग के शारीरिक व मानसिक लाभ, दैनिक जीवन में इसके सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग को केवल शारीरिक व्यायाम न मानते हुए, इसे एक समग्र जीवनशैली के रूप में अपनाना चाहिए। यह शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करता है।

# कुंजपुरा की सड़कों पर छाई गन्दगी, सड़क किनारे फेंका जा रहा कचरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप)** कुंजपुरा में सड़कों के किनारे गंदगी पूरी तरह से छाई हुई है यहां गौशाला रोड से कल्वेहडी नेवल हवाई अड्डे तक जाने वाली सड़क किनारे कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। इस कचरे से उठने वाली बदबू के कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गंदगी के कारण यहां बीमारी भी फैल सकती है। गांव के लोगों के लिए कचरा उठाने की समस्या एक बहुत बड़ा सर दर्द बना हुआ है।



बारिश के दिनों में तो ये कचरे के ढेर पानी के साथ बहकर सड़क पर आ जाते हैं। स्थानीय लोगों मोहन श्याम लाल राजवीर सुरेश विजय आदि का कहना है कि यहां पर संबंधित पंचायत विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के कारण ऐसा हो रहा है क्योंकि उनकी जिम्मेदारी बनती है कि यहां साफ सफाई व्यवस्था को सही से रखा जाए लेकिन सड़क के किनारे कचरे को लंबे समय से ऐसे फेंका जा रहा है जिसके कारण यहां पर कचरे के ढेर लग गए हैं। कचरा डालने के लिए पर्याप्त डस्टबिन भी नहीं लगाए गए हैं और सारा कचरा खुले में ही सड़क के किनारे पड़ा हुआ है लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द प्रशासन सड़क के किनारे से इस कचरे को उठाने के लिए उचित कदम उठाए ताकि उनको इस परेशानी से निजात मिल सके। इस बारे में जब बीडीपीओ मोनिका से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कचरा उठाने की जिम्मेवारी गांव के सरपंच की बनती है फिर भी हम उनको इस बारे में लिख देंगे।

**लोग परेशान**

यहां गौशाला रोड से कल्वेहडी नेवल हवाई अड्डे तक जाने वाली सड़क किनारे कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं

# ग्लोब क्रिकेट अकादमी ने जीती सढूरा क्रिकेट ट्रॉफी

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर/(कुलदीप सैनी) :** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में संचालित ग्लोब क्रिकेट अकादमी ने सढूरा गांव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली। यह टूर्नामेंट फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब सढूरा की ओर से आयोजित किया गया था। कोच विशाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्लोब क्रिकेट अकादमी की टीम ने लीग चरण में तीनों मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम ने फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला मेजबान फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब सढूरा से हुआ। फाइनल मुकाबले में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 143 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में ग्लोब क्रिकेट अकादमी की टीम ने 18 ओवर में ही लक्ष्य हासिल करते हुए मुकाबला 4 विकेट से जीत लिया। मैच के हीरो रहे आर्यन, जिन्होंने 4 विकेट झटक कर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया।



## अब 15 दिन में पहुंचेगा एपिक कार्ड

**पानीपत, (कमाल हुसैन)** भारत निर्वाचन आयोग ने इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड (एपिक) की मतदाताओं तक तेज डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है। इस नई प्रक्रिया के तहत, चुनावी रोल में किसी भी अपडेट के 15 दिनों के भीतर मतदाताओं को उनके ऐपिक प्राप्त हो जाएंगे। इसमें एक नए मतदाता का नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी भी विवरण में बदलाव शामिल है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डाक्टर वीरेंदर दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है।

# समस्याओं का जल्द निपटान करें : एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त महेन्द्र पाल ने कहा कि समाधान शिविर की जो भी शिकायतें लम्बित है उनका जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करें। भरसक प्रयास रहें कि प्रार्थियों की शिकायतों का मौके पर ही प्रभावी ढंग से निपटान किया जाएं। यदि किसी कारणवंश कोई समस्या का तत्काल समाधान नही हो पाता है तो उसे भी समयबद्ध तरीके से करवाना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविरों को लेकर संबंधित विभागो के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहें थे। इससे पहलें चण्डीगढ से विडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों में आमजन की शिकायतों व उनके प्रभावी ढंग से समाधान करने को लेकर सभी जिलों के उपायुक्तों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीसी मे जिलेंवार समाधान शिविर से जुड़े बिंदुओ पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त ने अवगत करवाते हुए बताया कि अंबाला मे आयोजित समाधान शिविर मे शिकायतकर्ताओ द्वारा अभी तक कुल 4322 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 4045 शिकायतों का समाधान कर उनका निपटान कर दिया गया है। इनमें कई विभागों से संबंधी कुल 84 शिकायतें लम्बित है जिनमें 105 रिओपन शिकायतें व 84 रिजेक्टेड में शामिल है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जो भी लम्बित शिकायतें है उन्हें संबंधित विभागों द्वारा जल्द निपटान सुनिश्चित करवाया जाएगा और वीसी मे जो दिशा-निर्देश प्राप्त हुए है।




**निपटान**

भरसक प्रयास रहें कि प्रार्थियों की शिकायतों का मौके पर ही प्रभावी ढंग से निपटान किया जाएं

# योग दिवस को लेकर अम्बाला में पायलट रिहर्सल आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में खेल स्टेडियम सैक्टर 10 अम्बाला शहर में तथा वार हीरोज मैमोरियल स्टेडियम अम्बाला छावनी में पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकोल के तहत योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई। अम्बाला शहर में एसडीएम दर्शन कुमार तथा अम्बाला छावनी में नायब तहसीलदार सुनील कुमार की अध्यक्षता में पायलट रिहर्सल आयोजित की गई। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत सभी जगहों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि योग दिवस के तहत पायलट रिहर्सल के तहत सभी व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया है। उन्होंने बताया कि खेल स्टेडियम सैक्टर 10 अम्बाला शहर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला व वार हीरोज स्टेडियम अम्बाला छावनी में परिवहन, ऊर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। अम्बाला शहर के खेल स्टेडियम सैक्टर 10 अम्बाला शहर में आयोजित पायलट रिहर्सल में आयुष विभाग से आए योग प्रशिक्षक नीरू अग्रवाल, भारतीय योग संस्थान से विशाल वर्मा ने योग प्रोटोकोल के तहत योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई। एसडीएम दर्शन कुमार के साथ-साथ अन्य ने भी इन योग क्रियाओं को किया और योग से जुड़े? बारे कहा। एसडीएम ने कहा कि हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। नियमित रूप से योग करके हम अनावश्यक बीमारियों से बच सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग बढ़-चढ़कर भाग लें। इससे पहले यहां पहुंचने पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा ने मुख्य अतिथि को पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। अम्बाला छावनी के वार हीरोज स्टेडियम में आयोजित पायलट रिहर्सल में योग प्रशिक्षक पंकज बक्शी ने योग प्रोटोकोल के अंतर्गत सूक्ष्म व्यायाम, भुजंगआसन, प्राणायाम, नाड़ी शोधन, अलोम-विलोम के साथ-साथ अन्य योग क्रियाएं करवाई।



**योग क्रियाएं**

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत सभी जगहों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत तैयारियां पूरी कर ली गई

# इंद्री की अनाज मंडी में पायलट रिहर्सल के तहत योग कार्यक्रम का आयोजन

**योगाभ्यास**

सैकड़ों वरिष्ठ बच्चों, महिलाओं, नागरिकों और प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप)** के निदेशक अशोक मुंजाल ने कहा कि 11वें अंतराराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंद्री की अनाज मंडियों में पायलट रिहर्सल के तहत योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों वरिष्ठ बच्चों, महिलाओं, नागरिकों और प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। इस मास्क पर प्राकृतिक योगपीठ के प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास, ध्यान अभ्यास और अन्य व्यायामों का अभ्यास किया। शुक्रवार को इंद्री की अनाज मंडी में आयोजित पायलट रिहर्सल के दौरान जानकारी दे रहे थे। 21 जून शनिवार को शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक योगाभ्यास के पाठ्यक्रम के अतिरिक्त योगसंबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, कार्यक्रम में इंद्री के प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रमुख सचेतक रामकुमार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# विधायक कृष्णा गहलावत ने बीडीपीओ कार्यालय राई में हाल के नए भवन का किया उद्घाटन

## – सरपंच ये न माने वोट नही दिया, फिर भी गांव के काम लेकर आए, प्राथमिकता से होंगे : कृष्णा गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत ने शुक्रवार को 19 लाख की लागत से बने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में बने नए हाल का उद्घाटन किया। विधायक का उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचने पर बीडीपीओ (एचसीएच) सुरेन्द्र आर्य व विभिन्न गांवों के सरपंचों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यालय में नए हाल के बनने से कार्यालय के स्टाफ के अलावा हलके के लोगों को सुविधा मिलेगी। एक ही छत के नीचे



बैठक मीटिंग भी कर सकेंगे। इसके बाद सरपंचों की बैठक को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हलके के जिस सरपंच ने उन्हें चुनाव में वोट नही दिया तो कोई बात नही। अपने वोट का किसी भी उम्मीदवार को देने का सबका अपना अधिकार है। लेकिन सभी सरपंचों से मेरी अपील है कि वे ये सोचकर न आए कि चुनाव में वोट नही दिया। गांव के विकास को आगे बढ़ाए और गांव की समस्याओं के समाधान के लिए सरपंच उनके पास आए और अवगत करवाएं। इसके अलावा सरपंचों को जहां भी उनकी जरूरत है, उन्हें अवगत करवाएं, बिना किसी भेदभाव के समानता से उनकी बात सुनकर समाधान करवाया जाएगा। कार्यालय के उद्घाटन पर सभी सरपंच पहुंचे है तो उन्हें बहुत खुशी हुई कि वे गांवों के विकास में रूचि लेंगे। हलके के गांवों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिका है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हलके का विकास उनकी प्राथमिकता है। सरपंच अपने गांव के विकास को लेकर कोई सुझाव दे ताकि कोई नया काम आपकी बेहतर सोच से नया काम करवाए जाए। इस मौके पर मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, मंडलअध्यक्ष शेखर आंतिल, युवा नेता एवं सरपंच योगेश जठेड़ी, मास्टर सतनारायण आंतिल,मंडलध्यक्ष वेदपाल शास्त्री, सरपंच जयराम शर्मा, बिल्लू, मुकेश ओरगांबाद, राजेश सरपंच बहालगढ़, बिटू सरपंच, संजय सरपंच, अनिल सरपंच नांगल कला, संजय सरपंच बारोटा, धर्मबीर सरपंच के अलावा बीडीपीओ राई कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए शिक्षकों-छात्रों को करवाया योग

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को नव ज्योति शिक्षा सदन के प्रांगण में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। पतंजलि के योग शिक्षक यशपाल कादियान ने विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ को योगा का अभ्यास करवाया।
उन्होंने बताया कि योग का सहारा लेकर हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं तथा जीवन को सही तरीके से जी सकते हैं। यशपाल लगभग 30 योग क्रियाएं विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को सिखाई तथा उनके साथ-साथ अभ्यास भी कराया। उन्होंने कहा कि स्कूल प्राचार्य राजेंद्र कौशिक समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालय में कराते रहते हैं वे इसके लिए बधाई के पात्र है।



उनका प्रयास रहता है बच्चों का बहुमुखी विकास हो सके । उन्होंने कहा कि यह केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि लगातार पूरे वर्ष अभ्यास का विषय है यदि हम लगातार अभ्यास करते हैं तभी हम इन योग क्रियाओं को पूर्ण रूप से सीख पाएंगे तथा इनका लाभ उठा पाएंगे। और अपने जीवन को स्वस्थ बना पाएंगे। इस मौके पर अध्यापक जसवंत धनखड, संजीत कौशिक, पवन, प्रिया शर्मा, कुसुम सैनी, मंजू धनखड़, मनीषा खान,रजनी अरोड़ा, पूनम मलिक,सीमा मलिक,भारती राठी, सोनू रमन, मंजू धनखड़, निशा माललाल, गीतांजलि व तनु आदि शिक्षक शामिल रहे।

## न्यूज फ्लैश

### राजीव सरोहा ने सुनी जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश



**सोनीपत।** शुक्रवार को सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान पार्षद नवीन तंवर, राजेश दहिया, पंडित श्रीनिवास, पवन गुप्ता, योगेश गुप्ता, नरेंद्र गोयल, कमांडर सुरेंद्र, संतोषी शोरी व कालूपुर के नंबरदार सहित कई लोग मौजूद रहे ।जनसुनवाई में प्रमुख रूप से प्रॉपर्टी आई.डी. से जुड़े कार्यों में देरी का मुद्दा उठाया गया। लोगों ने बताया कि पहले जो काम तत्कालिन आपत्ति लगाकर दो दिन में हो जाता था, वह अब ऑफलाइन अप्रूवल प्रक्रिया के चलते 15-20 दिन तक लटक रहा है। जबकि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार तत्कालीन आपत्तियों को दो दिन में निपटाना अनिवार्य है। सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने भरोसा दिलाया कि वे आगामी सप्ताह में निगम आयुक्त से चर्चा कर इस समस्या का समाधान कराएंगे। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि राजेश दहिया ने वार्ड-20 स्थित छोटू राम धर्मशाला के रूके हुए 40 लाख रुपए के कार्य का मुद्दा उठाया, वहीं पार्षद नवीन तंवर ने सुरी पेट्रोल पंप के 84 लाख रुपए के कार्य की डी.एन.आई.टी. को तीन महीने से अप्रूव न किए जाने पर नाराजगी जताई। साथ ही सीवर ब्लॉकेज, नाले की सफाई व गली मरम्मत जैसी समस्याएं भी लोगों ने रखी, जिनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।
फोटो: लोगों की समस्या सुनते सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा।

### अवैध शस्त्र (32 बोर नाजायज पिस्तोल )सहित एक आरोपी दबोचा ।



**सिरसा...(रणबीर खटक)..**जिला पुलिस सिरसा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए जिला की एन्टी व्हीकल स्टाफ द्वारा एक युवक विजेन्द्र कुमार पुत्र कृष्ण कुमार वासी नजदीक रविदास मन्दिर रानायं रोड सिरसा को नाजायज शस्त्र (32 बोर पिस्तोल ) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस पार्टी द्वारा दौराने गश्त व पडताल चिल्ला साहिब गुरुदवारा के पास शक के आधार पर आरोपी विजेन्द्र कुमार की तलाशी ली तो उसके कब्जा 32 बोर नाजायज पिस्तोल बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना शहर सिरसा में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अनुसन्धान किया जा रहा है। एन्टी व्हीकल स्टाफ प्रभारी उप नि0 सन्दीप कुमार ने बतलाया कि आरोपी को कल अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत पर लेगी

### मांगों को लेकर सीटू का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) हरियाणा के आह्वान पर जिला भर में काम करने वाली आशा वर्कर्स, मिड डे मील वर्कर्स, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, ग्रामीण चौकीदार व वन मजदूर सेंकड़ो की संख्या में शिक्षा सदन पर इकठे हुए। यंहा से सीटू जिला प्रधान बाबू राम के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए डीसी दफ्तर पहुँचे जंहा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। ज्ञापन में कहा गया कि नियम मुताबिक हर पांच साल बाद न्यूनतम वेतन रिवाइज होना चाहिए। परन्तु प्रदेश में बीजीपी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद इसे दस सालों से रिवाइज नहीं किया गया है। पे रिवीजन साल 2020 में और उसके बाद अब 2025 में हो जाना चाहिए था। परन्तु साल 2025 के भी छः महीने बीत गए सरकार चुप्पी साध कर बैठी है। इस कारण मजदूरों व कर्मचारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।
सीटू मांग करता है कि फौरन वेतन रिवाइज कर 26 हजार रू प्रति महीना किया जाए। इसके साथ ही यह भी मांग की जाती है कि वेतन निश्चित करने उपरांत इसे बिना किसी देरी के सभी आशा वर्कर्स, मिड डे मील वर्कर्स, आँगनवाड़ी वर्कर्स समेत सभी ग्रामीण व शहरी सफाई कर्मचारियों, ग्रामीण चौकीदारों, वन व मनरेगा मजदूरों समेत सभी कच्चे कर्मचारियों पर लागू किया जाए।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति सुधार के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद गुर्जर**
नांगल चौधरी।राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षकों को शिक्षण गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से मुलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के दूसरे चरण के पांचलिए दिवसीय कार्यक्रम का समापन खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस चरण में नांगल चौधरी खण्ड के अलावा पलवल, नूह, गुरुग्राम, करनाल, फरीदाबाद, भिवानी सहित अन्य जिलों से आए शिक्षकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता सुधार और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षकों को



पांच दिवसीय कार्यक्रम में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अध्यापकों को नई शिक्षा नीति के प्रावधानों से परिचित कराना, आधुनिक शिक्षण विधियों का अभ्यास कराना और छात्र-केंद्रित शिक्षण को बढ़ावा देना रहा। प्रशिक्षण में शामिल अध्यापकों को बेसिक लर्निंग स्किल्स, टेक्नोलॉजी आधारित शिक्षण, मूल्य आधारित शिक्षा और समावेशी शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से उन्हें छात्रों की बेहतर समझ के साथ पढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण के दौरान डाईट प्रतिनिधि दिनेश कुमार कार्यक्रम में हुए पहुँचे और शिक्षकों के साथ अनुभव साझा किए।
प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कार्डिनेटर अजय गोयल व सुमित्रा यादव ने किया। प्रशिक्षण के दौरान स्पेशल केआरपी के रूप में राजेद्र कुमार, सौरभ स्वामी, व सुदंरलाल ने तकनीकि व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने में मद्द की।
कार्यक्रम के समापन पर विद्वालय प्रबंधन द्वारा सभी केआरपी को स्मृमि चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण मे रीना, ज्योति, विनय, सुरेन्द्र, नवीन, महेश, प्रदीप, राजेन्द्र सहित अन्य शिक्षकों की प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण की प्रभावी बनाने के लिए एसएयूएस किट का उपयोग करवाया गया।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** नई दिल्ली मुख्यालय में सामाजिक कार्यकर्ता सचिन महायच ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग की सदस्य आशा लाकरा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान देशभर में समाज की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति एवं आयोग के सकारात्मक कदमों पर विस्तार से चर्चा हुई। सचिन महायच ने महेंद्रगढ़ के अनुसूचित जाति वार्डों की समस्याओं को भी आयोग के समक्ष रखा कि किस तरह नगर निकाय विभाग द्वारा गंदे पानी के टैंक वार्ड में बनाए हुए हैं। देश में किसी भी जगह सार्वजानिक पार्क में



गंदे पानी के टैंक नहीं हैं, लेकिन महेंद्रगढ़ में अनुसूचित जाति बस्ती में बनाया हुआ है जो कि ना केवल गलत है, बल्कि अन्याय है। स्थानीय बस्ती के लोग गंदी-बदबूदार वातावरण में नरकीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। गंभीर बीमारियों का खतरा हमेशा बना रहता है। इसलिए आयोग से मांग की है कि इस विषय में हस्तक्षेप करे एवं दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई करे। आयोग की तरफ से आश्वासन मिला कि जल्दी ही टीम हरियाणा के महेंद्रगढ़ का दौरा करेंगी और यथास्थिति की जांच करेगी।
फोटो:
महेंद्रगढ़। आशा लाकरा से मुलाकात करते सचिन महायच।

# गऊ सेवकों ने पकड़ी मांस से भरी गाड़ी, मामला दर्ज

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
खरखौदा में गऊ रक्षा दल के सदस्यों ने वीरवार की रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। दल के सदस्यों ने गुप्त सूचना के आधार पर एक यू पी नम्बर आइसर कैंटर गाड़ी को रोका, जिसमें भारी मात्रा में मांस बरामद किया गया। गऊ रक्षा दल के सदस्य कर्मजीत ने खरखौदा थाना में शिकायत दर्ज कराई, कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक गाड़ी में गऊ मांस लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर उनकी टीम ने गाड़ी को रुकवाया और जांच की, जिसमें गाड़ी के अंदर खुले में व प्लाटिक के कट्टो में मांस भरा हुआ मिला।
खरखौदा पुलिस ने मामला दर्ज कर




जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने गाड़ी चालक अब्दुल समाद कुरैशी निवासी यू पी को काबू कर लिया है, और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस जांच कर रही है कि गाड़ी में जो मांस मिला है उसे कहां से लाया गया था और कहां ले जाया जा रहा था। वही इसी मामले में जो यूपी नम्बर आइसर गाड़ी को नंदी शाला में रखवाया गया हैं, जबकि मौके पर डॉक्टर्स की एक टीम पहुँच कर जाँच भी करेगी।

# आईटीआई में दाखिला लेने वाले युवाओं को प्रवेश का मिला मौका, प्रवेश समय बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 के लिए विभाग द्वारा दाखिला लेने के लिए युवाओं को एक और मौका मिल गया है। आवेदन की तिथि बढ़ाकर हुई 27 जून कर दी गई। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढी के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए हुए बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग व्यवसायों में दाखिले हेतु विभाग द्वारा नोटिस जारी कर ऑनलाइन आवेदन 20 जून से



बढ़कर 27 जून कर दी गई। दाखिला से संबंधित दिशा निदेर्शों के लिए विवरण पत्रिका संस्थाओं की सूची एवं दाखिले के लिए उपलब्ध संस्थानावार सीटों बारे सूचना उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे दाखिला वेबसाइट पर नियमित अवलोकन करते रहे। प्रार्थियों को शैक्षणिक योग्यता आरक्षण एवं स्थाई निवासी इत्यादि मूल प्रमाण पत्रों की द्वितीय प्रति दाखिला फार्म के साथ ही आवश्यकता अनुसार अपलोड करनी होगी। दाखिले के इच्छुक प्रार्थियों के पास निजी ईमेल आईडी होनी चाहिए। प्रधानाचार्य श्री अशोक कुमार ने बताया कि संस्थान राजलू गढी में फीटर, वेल्डर इलेक्ट्रीशियन, कोपा, स्टैनो, प्लंबर पेंटर रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर ट्रेड में दाखिला के लिए आवेदन करे।

# जिम के बाहर खड़ी स्पलैंडर मोटरसाईकिल चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
रेलवे स्टेशन के समीप धनखड़ काम्पलैक्स के बाहर 19 जून की शाम को स्पलैंडर मोटरसाईकिल चोरी हो गई। चोरी की शिकायत मोटरसाईकिल मालिक ने गन्नौर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गांधी नगर के मोहित ने बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल को जिम के बाहर खड़ा किया था। काम निपटाने के बाद वापिस आया तो उसकी मोटरसाईकिल नही मिली, आसपास तलाश की तो पता नही चला।

# योग दिवस पर 21 जून को शहीद भगत सिंह स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

**कार्यक्रम**
- –राज्यसभा सांसद किरण चौधरी होंगी मुख्य अतिथि, उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित होंगे कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार 21 जून को जिलाभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा में जहां जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा, वहीं उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सुबह छह बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम शुरू



होगा जिसमें राज्यसभा सदस्य किरण चौधरी मुख्य अतिथि होंगी, जबकि अनाज मंडी डबवाली में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा तथा अनाज मंडी रानिया में होने वाले आयोजन में चेयरमैन डा. केसी शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों ऐलनाबाद में पंचमुखी चैक के पास अनाज मंडी, जिसमें एसडीएम ऐलनाबाद, अनाज मंडी कालांवाली, जिसमें एसडीएम कालांवाली, अनाज मंडी बडागुढा, जिसमें सीटीएम यश मलिक तथा अनाज मंडी नाथुसरी चैपटा में तहसीलदार भुवनेश कुमार बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे।वहीं शुक्रवार को हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद डा. सुभाष चंद्र ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। फाइनल रिहर्सल में स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों, आमजन, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने की पद्धति है, हर व्यक्ति को योग अवश्य करना चाहिए। आज योग का महत्व पूरी दुनिया जानने लगी है और यह हमें हमारी संस्कृति व संस्कारों से जोड़ने का काम भी करता है।

# विश्व रक्तदाता पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।**
उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति प्रधान डॉ. विवेक भारती व जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव बलवान सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को विश्व रक्तदाता पखवाड़ा के तहत भारत विकास परिषद की ओर से यादव धर्मशाला में रक्तदान कैंप का आयोजन किया। रेडक्रॉस से डॉ. एसपी सिंह ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर में 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि रक्तदान के अलावा रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इसलिए जीवन में हर व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी जरूरतमंद के काम आ सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। इसलिए हमें एक साल में कम से कम दो-तीन बार रक्तदान जरुर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों का इस रक्तदान शिविर में विशेष सहयोग रहा। भारत विकास परिषद की तरफ से सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक व स्वास्थ्य संबंधित कार्यक्रम विभिन्न माध्यमों से लगातार चलते रहते हैं।

# केवल अधिकारियों का नहीं जनता का समय होता है बहुत कीमती: नवीन जिंदल सांसद

**टीम एक्शन इंडिया**
**रणदीप धानियां,कलायत।**
कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सांसद नवीन जिंदल ने कलायत नगर पालिका में पिछले काफी समय से बिना सरकार के आदेशों के अधिकारियों द्वारा चस्पा विवादित नोटिस पर अधिकारियों को तीखी नसीहत दी है। वे शुक्रवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में जन संपर्क अभियान के तहत क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उनके साथ पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा, भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता, पार्षद, सरपंच-पंच, ब्लाक समिति पदाधिकारी-सदस्य, विभिन्न वर्गों से जुड़े प्रतिनिधि और सरकारी अधिकारी मौजूद रहे।
जिंदल ने कहा कि देश-प्रदेश में



जनता की सरकार है। केवल मात्र अधिकारियों का समय ही कीमती नहीं है बल्कि जनता का समय बहुत कीमती होता है। जनता जरूरी कार्य व दिक्कत को लेकर ही सरकारी कार्यालय में आती है। कार्यालय में विवादित नोटिस चस्पा करने का मामला अभी उनके संज्ञान में आया है। इस प्रकार सरकारी कार्यालय की आड़ में किसी अधिकारियों को जनता की भावना को ठेस नहीं पहुंचाने दी जाएगी। सांसद ने कहा कि लोगों की सेवा और जरूरतों को पूरा करने के लिए ही तनख्वाह देती है। इसलिए अधिकारियों की किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं होगी। उन्होंने पार्षदों ने शहर के विकास से जुड़ी कार्यों की सूची मांगी और तकाजा से गति देने का आश्वासन दिलाया।
जिंदल ने कहा कि कार्यों को लेकर जो जितना तकाजा करता है उतनी ही गति से कार्य पूर्ण होते हैं। खुले दरबार में बुनियादी जरूरतों से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगें से सामने आई।
पार्षदों ने सभी वर्गों के हितों से जुड़ा मांग पत्र जिंदल को सौंपा: पार्षद कुमारी रेणू धानियां, कुलदीप दहिया, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, महीपाल पंवार, विनोद जेष्ठ, संजय ढूक्षसगला, रवींद्र निर्मल व अन्य पार्षदों ने सांसद नवीन जिंदल और पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा को अतिथि परंपरा के तहत स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नव निर्वाचित पार्षदों ने जिंदल को शहर की मांगों से संबंधित संयुक्त मांग पत्र सौंपा। इसमें सरकार द्वारा जारी करोड़ों के बजट के बाद भी पालिका अधिकारियों द्वारा विकास कार्यों में रुचि न लेने, अधर में लटकाए गए कार्यों की सूची और 36 बिरादरी के हितों से जुड़े मुद्दे शामिल रहे।
भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता रहे कार्यक्रम में मौजूद: जन संपर्क कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, श्री रैदास तख्त प्रबंध कमेटी प्रधान डा.प्रीतम कौलेखां, बाल संरक्षण आयोग सदस्य सुमन राणा, मैनपाल राणा, अजीत चहल, नरेश ढांडा, जयदीप राणा, रमेश ढूंढवा, सुशील पांचाल, नरेंद्र जुलानी खेड़ा, आशीष राणा, सचिन राणा, राजेश राणा, संजय धीमान, अनिल कांसल, वीरेंद्र राणा व अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाल संस्कार शिविर लहरी सिंह पार्क में बच्चों को मिली नैतिक शिक्षा की प्रेरणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भारत विकास परिषद द्वारा लहरी सिंह पार्क में आयोजित पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर के तीसरे दिन बच्चों को योग और नैतिक मूल्यों का प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया, जबकि 72 योग साधक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में जुटे रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सोनीपत के मेयर राजीव जैन रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जिला संघ संचालक डा. मनोज राय ने बच्चों से नैतिक शिक्षा से जुड़े प्रश्न पूछे और सही




उत्तर देने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने जीवन में संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष संदीप सिंघल, सचिव विकास भगवती, कोषाध्यक्ष निशा कौशिक, महिला संयोजिका भावना जग्या, उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, मनीषा जैन, अंकित त्यागी, योगेश कौशिक, कृष्ण जिंदल, डा. दीपचंद गर्ग, इंदु त्यागी, चारु चंदना, निशि पाहुजा, नरेंद्र पतंजलि, राजेश चौहान व तरुण प्रताप त्यागी मौजूद रहे।

# पंकज कुमार सिंह ने ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने सचिवालय में दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को डीटीसी के इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े को और तेजी से बढ़ाने, दिल्ली के अंतिम छोड़ तक बसों की कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ ही दिल्ली परिवहन निगम की वित्तीय सेहत को और ज्यादा मजबूत बनाने पर जोर दिया। साथ ही मंत्री ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिल्ली में जल्द से जल्द बसों के रूट रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया पूरी लागू करने का निर्देश दिया।

परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के साथ हुई समीक्षा बैठक में ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने कहा कि इसी महीने150 नई देवी इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हो जाएंगी और इस साल के अंत तक डीटीसी में इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा बढ़कर 5000 बसों से ज्यादा का हो जाएगा। परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर दौड़ रही देवी इलेक्ट्रिक बसों को दिल्ली की जनता का शानदार रिस्पांस मिल रहा है। दिल्ली के जिन-जिन इलाकों में देवी बसें चल रही हैं, उस इलाके में रहने वाले लोगों को अब ऑटो और प्राइवेट कैब में धक्के नहीं खाने पड़ रहे हैं। साथ की बसों का



किराया बेहद कम होने से लोगों को सफर के दौरान पैसे की भी बचत हो रही है। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की अहम बैठक में परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बसों के रूट रेशनलाइजेशन करने पर विशेष तौर पर जोर देते हुए कहा कि फिलहाल डीटीसी ने 109 रूट को वेरीफाई कर लिया है। रूट रेशनलाइजेशन लेकर दिल्ली परिवहन निगम आईआईटी के साथ मिलकर काम कर रहा है। जिसका मकसद डीटीसी की बसों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाना, कनेक्टिविटी में सुधार करना और यात्रा को अधिक आरामदायक बनाना है। रूट रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया पूरी होने से डीटीसी बसों के मौजूदा मार्गों को पुनर्व्यवस्थित किया जाएगा ताकि बसों में सफर करने वाले यात्रियों को बेहतरीन और सुगम सेवा प्रदान की जा सके, जिससे अधिक से अधिक लोग डीटीसी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था से जुड़ सकें। मंत्री ने कहा कि बहुत जल्द डीटीसी की बसें अपनी रूटिन की यात्रा पूरी करने के बाद नजदीक वाले दिल्ली परिवहन निगम की किसी भी डिपो में खड़ी हो सकेंगी। जिससे बसों को चलाने की लागत में कमी आने के साथ ही लोगों के लिए यात्रा करना भी सुगम होगा। फिलहाल डीटीसी की बसों का संचालन एक निश्चित रूट पर होता है और प्रत्येक रूट के लिए एक विशिष्ट डिपो निर्धारित होता है। बसें अपने निर्धारित रूट पर चलने के बाद उसी डिपो में वापस जाकर पार्क की जाती हैं। परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली परिवहन निगम की वित्तीय सेहत को और ज्यादा मजबूत करने और रेवेन्यू बढ़ाने के लिए आज की बैठक में विज्ञापन से कमाई करने पर विशेष तौर पर जोर दिया। मंत्री महोदय ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार का मुख्य जोर डीटीसी को रेवेन्यू सरप्लस वाला मजबूत संस्था बनाना है। ताकि एक वर्ष के भीतर दिल्ली परिवहन निगम को लाभप्रद संस्था बनाने का लक्ष्य हासिल हो सके। डीटीसी को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी में बदलने के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्ध है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने मंत्री महोदय को बताया कि 55000 स्क्वायर फीट एरिया को चिन्हित किया गया है। डीटीसी बस डिपो से लेकर बसों पर विज्ञापन के जरिए कमाई करने की योजना बना ली गई है।

# 25 को लगेगी आपातकाल की पृष्ठभूमि पर प्रदर्शनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन मंत्री ने अपने कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान निर्देश दिए कि 25 जून 2025 को दिल्ली के सेन्ट्रल पार्क, कनॉट प्लेस में एक विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। यह प्रदर्शनी साल 1975 में देश में लगी आपातकाल (इमरजेंसी) की पृष्ठभूमि और भारतीय लोकतंत्र पर उसके प्रभाव को जनमानस के समक्ष लाने के उद्देश्य से लगाई जा रही है। प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में आपातकाल से संबंधित अभिलेखों और फोटोग्राफ को प्रदर्शित किया



जाएगा। प्रदर्शनी में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मंत्रीगण और अन्य विशिष्ट जन सम्मिलित होंगे। बैठक में कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 25 जून, 1975 को देश में लगाए गए आपातकाल के विरोध में दिल्ली सरकार द्वारा सांस्कृतिक और वैचारिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कपिल मिश्रा ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश में आपातकाल (इमरजेंसी) घोषित किया था, जिसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में देखा जाता है। इस दौरान संविधान को दरकिनार किया गया, नागरिक अधिकारों का हनन हुआ और प्रेस की स्वतंत्रता पर भी अंकुश लगाया गया। मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस दिन को संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प के रूप में मनाया जाए।

उन्होंने कहा, "यह आवश्यक है कि नई पीढ़ी को बताया जाए कि 25 जून 1975 को देश में क्या हुआ था। कैसे भारत के संविधान को कुचल दिया गया था। ये 'संविधान हत्या दिवस' हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जो आपातकाल की ज्यादतियों के कारण पीड़ित हुए थे।



वजीरपुर जेजे कॉलोनी के गौरी शंकर मंदिर में आयोजित नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज व अन्य गणमान्य लोग।

# सफाई व्यवस्था पर दे रहा हूं विशेष ध्यानः गुलाब सिंह राठौर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में मानसून जल्द ही दस्तक देने वाला है, जिसको लेकर बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर वार्ड से निगम पार्षद व सिविल लाइन जोन के चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर ने क्षेत्र में होने वाले जलभराव को लेकर पहले ही कमर कसली है, जिसको लेकर राठौर ने वार्ड स्थित जहांगीरपुरी के ई और डी ब्लॉक के बड़े नालों की साफ-सफाई करवानी शुरू कर दी है। राठौर ने बताया कि जैसा कि मानसून आता है तो अपने साथ राहत की सांस तो लाता ही है।

साथ ही जलभराव जैसी परेशानी भी साथ लेकर आता है, लेकिन उससे निपटने की तैयारी पहले ही कर ली जाए तो हम मानसून का भी आनंद







उठा सकते है और मेरे वार्ड में मानसून को लेकर पहले से ही तैयारी कर ली गई है। अक्सर बरसातों में बड़े नाले व छोटी-छोटी नालियां गंदगी और पानी से लबालब हो जाती है और पानी की निकासी भी बंद हो जाती है नतीजन जलभराव की समस्या का सामना क्षेत्रीय लोगों को करना पड़ता है, वैसी परेशानी का सामना मेरे वार्ड के लोगों को लोगों को न करना पड़े जिसके लिए पहले ही बड़े नालों की साफ-सफाई करवाई गई है।




संगम पार्क मण्डल के शक्ति केंद्र चौपाल में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर मोदी सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए निगम पार्षद सुशील जौटी।

# श्री अमरनाथ यात्रा के लिए त्रिनेत्र सेवक समिति की ओर से पहला जत्था हुआ रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** श्री अमरनाथ यात्रा के दौरान लंगर लगाने वाली त्रिनेत्र सेवक समिति की ओर से दिल्ली के झंडेवालान मंदिर से श्री अमरनाथ यात्रा को लेकर पहला जत्था व भंडारा लगाने के लिए टीन-शैड व अन्य सामग्री के दो ट्रक रवाना किए गए।

इसके साथ ही दूसरा जत्था राशन सामग्री के साथ 24 को रवाना होगा। 'जय शिव शंकर, जय भोले नाथ' के जयघोष के साथ रवाना हुए। इस दौरान समिति के सदस्यों ने 'जय महाकाल, जय शिव शंकर' व 'हे शंभू बाबा मेरे भोले नाथ' सहित कई भजन प्रस्तुत किए। जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। इस दौरान संस्था





के प्रधान अनिल सिंगला ने बताया कि पिछले 27 सालों से लगातार समिति की ओर से श्री अमरनाथ यात्रियों के लिए लंगर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा के मार्ग में बालटाल में संस्था की तरफ से भंडारा शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही समिति के कोषाध्यक्ष पवन बंसल ने कहा कि इस दौरान शिव भक्तों के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लंगर लगाए जाने के अलावा श्री अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को विभिन्न प्रकार की अन्य सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर समिति के प्रधान अनिल सिंगल, चेयरमैन संजय ठाकुर, महासचिव अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष पवन बंसल, वरिष्ठ उप प्रधान हरीश नागपाल व अन्य मौजूद थे। समिति के चेयरमैन ने बताया कि इस बार यात्रा तीन जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान समिति की ओर से अमरनाथ की यात्रा के दौरान आने जाने वाले शिव भक्तों के लिए भंडारा आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए पहला जत्था तो रवाना हो चुका है और दूसरा जत्था 24 जुलाई को राशन सामग्री लेकर रवाना किया जाएगा।

# लाल बाग पुनर्विकास मोहल्ला समिति ने योग दिवस के साथ ही किए कई कार्यक्रम आयोजित










**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आज की तेज रफ्तार जिंदगी में सेहत का ख्याल रखना बहुत जरूरी हो गया है। काम की व्यस्तता और तनाव के कारण हम अपने शरीर और दिमाग को सही आराम और ध्यान नहीं दे पाते। ऐसे में योग हमारे लिए एक बहुत बड़ा सहारा बनकर आता है। इसी कड़ी में लाल बाग पुनर्विकास मोहल्ला समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन रामलीला पार्क में किया गया। इस दौरान लगभग पांच सौ लोगों ने एक साथ मिलकर योग उत्सव का आनंद लिया। इस दौरान बाबू जगजीवन राम अस्पताल के डाक्टरों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई और साथ ही एक्सरे, मोतियाबिंद के लगभग दो सौ मरीजों का चैक-अप किया गया। इसके साथ ही सीएससी द्वारा क्षेत्र के कई लोगों के आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, उद्योग प्रमाण पत्र, पी.एम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र बनाकर वितरण किए गए। समीति के प्रधान राजेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में आयुष मंत्रालय, दिव्य योग धाम, सीएससी का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान बियोंड योगा फिटनेस ने लाइव जुंबा डांस कर योग उत्सव में लोगों को योगा के लिए काफी प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में चांदनी चौक जिलाध्यक्ष अरविंद गर्ग, समिति के संरक्षक व निगम पार्षद सुशील जौटी, अजय पासी, डॉ निशा, ऋतु कपूर के साथ-साथ समिति के कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार अध्यक्ष, मदन कश्यप सचिव, शौकत अली, लेख राज, विकास, दिलीप अंकेला, सायरा बेगम, जय देव मालाकार, करण, विक्रम कई प्रसिद्ध व्यक्ति भी मौजूद रहे।

## विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा का बड़ा बयान, कहा- सितंबर में संन्यास लूंगी



**नई दिल्ली:** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विंबलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। क्वितोवा ने कहा, 'मैं एक बार फिर विंबलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन (अगस्त-सितंबर) में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।'

## ईरान-इजराइल तनाव के चलते महिला एशियन कप क्वालिफायर अब जॉर्डन के बजाय कतर में

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण एएफसी महिला एशियन कप क्वालिफायर के ग्रुप ए के मुकाबले अब जॉर्डन के बजाय कतर में खेले जाएंगे। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने शुक्रवार को जानकारी दी कि जॉर्डन की राजधानी अम्मान में 23 जून से 5 जुलाई के बीच खेले जाने वाले मुकाबलों को अब कतर में 7 जुलाई से 19 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। मैच के आयोजन स्थल और समय की जानकारी जल्द दी जाएगी ।यह फैसला ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते हवाई हमलों और क्षेत्र में अमेरिका के संभावित हस्तक्षेप की आशंका के मद्देनजर लिया गया है। ग्रुप ए में जॉर्डन, सिंगापुर, ईरान, लेबनान और भूटान की टीमें शामिल हैं। ये टीमें महिला एशियन कप 2026 के लिए क्वालिफाई करने की होड़ में हैं, जो मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होगा। सिंगापुर फुटबॉल संघ (एफएएस) ने कहा कि टूनार्मेंट स्थानांतरित करने का निर्णय "क्षेत्र में मौजूदा हालात और भाग लेने वाली टीमों की ओर से उठाई गई लॉजिस्टिक चिंताओं" के कारण लिया गया है। महिला एशियन कप क्वालिफायर में कुल आठ ग्रुप हैं, जिनमें से हर ग्रुप का विजेता 2026 के मुख्य टूनार्मेंट में जगह बनाएगा। मेजबान ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, जापान और मौजूदा चैंपियन चीन पहले ही टूनार्मेंट में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।

## एफआईएच प्रो लीग में भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें बेल्जियम के खिलाफ मैदान में उतरेंगी

**नई दिल्ली।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के अंतिम चरण में भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें बेल्जियम के खिलाफ मैदान में उतरेंगी। यूरोप दौरे पर वर्ल्ड कप क्वालीफिकेशन की उम्मीदों के साथ उतरी भारतीय टीमों का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। अब बची हुई दो मुकाबलों में टीमों की नजर सम्मानजनक जीत के साथ अभियान को समाप्त करने पर है। भारतीय



पुरुष हॉकी टीम लगातार छह हार के बाद अब मौजूदा दौर की सबसे मजबूत टीमों में से एक, बेल्जियम से भिड़ेगी। बेल्जियम ने हाल ही में स्पेन को 6-3 से हराया था, हालांकि उससे पहले वे उसी टीम से 1-2 से हार गए थे। बेल्जियम इस समय अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि भारत आठवें स्थान पर फिसल चुका है। भारतीय टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, ह्लपरिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि हमने खराब हॉकी खेली है। असली दुख तब होता है जब आप अच्छा खेलें लेकिन नतीजे ना मिलें। इन दो मुकाबलों में हमारा लक्ष्य डिफेंस को मजबूत बनाना और स्कोरिंग के अवसर बनाना होगा। भारतीय महिला टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि उनकी टीम दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम के खिलाफ मुकाबले के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों मुकाबले और अर्जेंटीना के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट तक गया मुकाबला हमारे लिए सीख देने वाले रहे। पिछली बार जब हम बेल्जियम से भिड़े थे, हमने उन्हें कोई आसान जीत नहीं दी थी। इस बार भी हम उसी आत्मविश्वास और तैयारी के साथ उतरेंगे। भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें 21 और 22 जून को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ डबल-हेडर मुकाबले खेलेंगी। ये मैच भारत के लिए प्रो लीग में अपना अभियान बेहतर अंत देने का आखिरी मौका होंगे।

# वेस्टइंडीज सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का एलान, लाबुशेन बाहर, स्मिथ नहीं खेल पाएंगे

**ब्रिजटाउन :** आगामी वेस्टइंडीज दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का एलान हो गया है। चयनकर्ताओं ने चौंकाते हुए खराब फॉर्म में चल रहे मार्नस लाबुशेन को टीम से बाहर कर दिया है। यह आश्चर्यजनक इसलिए है क्योंकि हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा था कि लाबुशेन आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के लिए टीम के लिए बहुत जरूरी होंगे। वहीं, इस सीरीज के लिए स्टीव स्मिथ को भी पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल नहीं किया गया है। वह डब्ल्यूटीसी 2025 फाइनल के दौरान अंगुली में चोट लगा बैठे थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करेगी। इस दौरान 25 जून से बारबाडोस में पहला टेस्ट और तीन जुलाई से ग्रनाडा में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 12 जुलाई से जमैका में खेला जाएगा। इसी के साथ दोनों टीमें डब्ल्यूटीसी के 2025-27 चक्र की शुरूआत करेंगी। लाबुशेन पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं और इसी वजह से मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने उन्हें ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम से बाहर कर दिया।





लाबुशेन ने पिछली बार इस प्रारूप में पिछला शतक 2023 के जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में लगाया था। इसके बाद से वह 16 टेस्ट में 24.74 की औसत से 668 रन बना पाए थे। इसमें सात अर्धशतक शामिल है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी उनका बल्ला खामोश रहा था और वह पहली पारी में 17 रन और दूसरी पारी में 22 रन बना पाए थे। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो लाबुशेन का 104 टेस्ट पारियों में औसत 46.19 है, जिसमें 11 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। खास बात यह है कि ड्रॉप होने से लाबुशेन और स्मिथ दोनों का लगातार टेस्ट खेलने का सिलसिला टूट गया। लाबुशेन पिछली बार 2019 में एशेज के पहले टेस्ट में बेंच पर बैठे थे। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए लगातार 53 टेस्ट खेले। वहीं, स्मिथ पिछली बार 2019 एशेज के दौरान ही लीड्स में तीसरे टेस्ट में बेंच पर बैठे थे। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए लगातार 51 टेस्ट खेले। अब यह सिलसिला टूट जाएगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि स्मिथ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच से बाहर रहेंगे क्योंकि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्हें चोट लगी थी। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए फिट होने की उम्मीद है।


ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि सैम कोंस्टास और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को स्मिथ और मार्नस लाबुशेन की जगह टीम में शामिल किया गया है। बेली ने कहा, 'हमने स्टीव और मार्नस की जगह जोश और सैम को मौका देने का निर्णय लिया है। हम उन्हें मौका देकर उत्साहित हैं।' बेली ने कहा, 'अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मार्नस इस टीम का एक महत्वपूर्ण सदस्य हो सकते हैं। वह समझते हैं कि उसका प्रदर्शन उस स्तर का नहीं रहा है जिसकी हम या वह उम्मीद करते हैं।'

## मिडलसेक्स ने डेन विलास को अंतरिम फर्स्ट टीम कोच नियुक्त किया



**लंदन।** काउंटी क्रिकेट क्लब मिडलसेक्स ने पूर्व दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर-बल्लेबाज डेन विलास को मौजूदा सीजन के अंत तक अंतरिम फर्स्ट टीम कोच नियुक्त किया है। यह फैसला रिचर्ड जॉनसन के पद छोड़ने के दो दिन बाद लिया गया, जिन्होंने तीन साल से अधिक समय तक कोच की भूमिका निभाई। 40 वर्षीय विलास ने 2023 सीजन के अंत में फर्स्ट-क्लास क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह सात वर्षों तक लंकाशायर के लिए खेले और वहीं टीम की कप्तानी भी की। हालांकि, वह फ्रेंचाइजी लीग एसए 20 में खेलना जारी रखे हुए थे। अब वह लंदन में ही बसे हुए हैं और तुरंत प्रभाव से मिडलसेक्स की जिम्मेदारी संभालेंगे। मिडलसेक्स की मौजूदा स्थिति संतोषजनक नहीं रही है। काउंटी चैम्पियनशिप के डिविजन दो में टीम तीसरे स्थान से नीचे है, और शुरूआती सात मैचों में केवल दो जीत दर्ज कर पाई है। टी20 ब्लास्ट में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है, जहां टीम ने हाल ही में गुरुवार को केवल अपना दूसरा मुकाबला जीता, जिसके कुछ देर बाद विलास की नियुक्ति की घोषणा की गई। मिडलसेक्स के क्रिकेट निदेशक एलन कोलमैन ने कहा,"मैं डेन का क्लब में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हूं। उनके पास बहुत अनुभव है, जो हमारे खिलाड़ियों के लिए बेहद फायदेमंद रहेगा। उन्होंने हाल ही में खेल को अलविदा कहा है, लेकिन लंकाशायर की कप्तानी के दौरान उनके नेतृत्व कौशल ने मुझे प्रभावित किया।

## स्पेन के राजा ने राफेल नडाल को 'मार्क्विस' की उपाधि दी



**मैड्रिड।** टेनिस के महान खिलाड़ी राफेल नडाल को स्पेन के राजा फेलिपे शकने गुरुवार को 'मार्क्विस' की उपाधि से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें खेल के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान और देश के लिए गौरव बढ़ाने के लिए दिया गया है। राजमहल की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, "वे (सम्मानित व्यक्ति) स्पेन के लिए गर्व का कारण हैं और उन मूल्यों के प्रतीक हैं जो समाज को प्रेरणा दे सकते हैं।"

22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल ने पिछले वर्ष पेशेवर टेनिस से संन्यास लिया था। उन्हें यह उपाधि राजा फेलिपे शकके शासनकाल की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दी गई, जिसमें छह विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। अन्य जिन हस्तियों को उपाधियां दी गईं, उनमें प्रसिद्ध पॉप-रॉक गायिका लूज कासाल और पैरालंपिक तैराक टेरेसा पेरालेस शामिल हैं। नडाल को अब उनके गृह द्वीप ह्यमायोर्का के नाम पर 'मार्क्विस ऑफ ल्लेवान्त डी मायोर्का' की उपाधि प्राप्त हुई है। यह एक वंशानुगत उपाधि होगी, जिसे उनके वंशज आगे प्राप्त कर सकेंगे। 39 वर्षीय नडाल ने फ्रेंच ओपन को रिकॉर्ड 14 बार जीतकर इतिहास रचा है।

## लीड्स में 2002 के बाद कोई भारतीय टेस्ट में नहीं लगा सका शतक, क्या इस बार गिल-यशस्वी करेंगे

**लंदन :** भारत और इंग्लैंड के बीच आज से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत हो रही है। पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले में खेला जाएगा। इंग्लिश टीम ने प्लेइंग-11 की घोषणा कर दी है, जबकि भारतीय प्लेइंग-11 की घोषणा टॉस के दौरान होगी। भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में अब तक कुल मिलाकर सात टेस्ट खेले गए हैं। इनमें से टीम इंडिया को सिर्फ दो टेस्ट में जीत मिली है। चार में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा है। एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। ऐसे में शुभमन गिल के लिए यह चुनौती आसान नहीं रहने वाली है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हेडिंग्ले में साल 2002 के बाद से कोई भारतीय टेस्ट में शतक नहीं लगा पाया है। पिछले 23 साल का सूखा क्या इस बार समाप्त हो पाएगा, यह अगले पांच दिनों के अंदर पता चल जाएगा।




**हेडिंग्ले में अब तक छह भारतीयों के शतक:** हेडिंग्ल में अब तक छह भारतीयों ने शतक लगाए हैं। इनमें विजय मांजरेकर, टाइगर पटौदी, दिलीप वेंगसरकर, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली शामिल हैं। विजय मांजरेकर ने 1952 में इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ल में 133 रन की पारी खेली थी। वहीं, टाइगर पटौदी ने 1967 में इसी मैदान पर 148 रन बनाए थे। वेंगसरकर ने 1986 में यहां नाबाद 102 रन की पारी खेली थी। वहीं, साल 2002 में इस मैदान पर भारत की ओर से तीन-तीन शतक लगे थे। द्रविड़ ने तब इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ल टेस्ट में 148 रन की पारी खेली थी, जबकि सचिन तेंदुलकर ने 193 रन बनाए थे। वहीं, कप्तान सौरव गांगुली ने भी इसी मैदान पर 128 रन की पारी खेली थी।

**2002 के बाद किसी भारतीय का यहां शतक नहीं:** इसके बाद से हेडिंग्ले में ऐसा शतकों का सूखा पड़ा कि भारत का कोई बल्लेबाज इसे नहीं बना पाया। 2002 के बाद से इस मैदान पर किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 91 रन का है। चेतेश्वर पुजारा ने 2021 के इंग्लैंड दौरे पर इस मैदान पर इतने रन बनाए थे। वहीं, रोहित शर्मा ने 2021 में ही इस मैदान पर 59 रन और विराट कोहली ने 55 रन बनाए थे। हालांकि, इस बार की भारतीय टीम में ऐसे कई बल्लेबाज हैं जो इस सूखे को समाप्त कर सकते हैं। इनमें यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल में यह दमखम दिखता है।

**मौजूदा टीम के इन खिलाड़ियों को हेडिंग्ले का अनुभव**

हालांकि, मौजूदा भारतीय टीम में सिर्फ पांच खिलाड़ियों को ही इस मैदान पर खेलने का अनुभव है। इनमें केएल राहुल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह शामिल हैं।

## त्रिनबागो नाइट राइडर्स के नए हेड कोच बने ड्वेन ब्रावो

**नई दिल्ली।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 के लिए त्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। वह फिल सिमंस की जगह लेंगे, जो इस समय बांग्लादेश की



पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच हैं। ब्रावो ने इस जिम्मेदारी को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा, "टीकेआर जैसी टीम का हेड कोच बनने का मौका मिलना मेरे लिए एक सम्मान की बात है। यह टीम मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं कोच फिल सिमंस को उनके योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं और अब इस नई चुनौती को लेकर मैं और मेरी टीम पूरी तरह तैयार हैं।" ड्वेन ब्रावो ने 2013 से 2024 के बीच सीपीएल में 107 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 129 विकेट चटकाए और उनका इकॉनमी रेट 8.74 रहा। वह टीकेआर के लिए 11 में से 9 सीजन में खेले और टीम को पांच बार खिताबी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 2021 में उन्होंने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स की कप्तानी करते हुए टीम को चैंपियन बनाया था। ब्रावो का कोचिंग सफर हाल के वर्षों में काफी तेजी से बढ़ा है। 2024 में वह आईएलटी20 में अबू धाबी नाइट राइडर्स के हेड कोच बने, जो कि नाइट राइडर्स ग्रुप की ही टीम है।

## भारत-इंग्लैंड के खिलाड़ियों से बनी सर्वश्रेष्ठ एकादश, कोहली-रूट-गांगुली को जगह नहीं

**लंदन :** भारत और इंग्लैंड के बीच आज से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत हो रही है। इस सीरीज को लेकर भारतीय फैंस बेहद उत्सुक हैं, क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास के बाद यह टीम इंडिया का पहला असाइनमेंट है। नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में एक युवा भारतीय टीम इंग्लैंड का सामना करेगी। हालांकि, इससे पहले इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तानों ने 21वीं सदी की भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों से बनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 चुनी है। इस टीम में चौंकाने वाली बात मौजूदा समय के दो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली और जो रूट का नहीं होना है। साथ ही टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली, जहीर खान और वेरी वेरी स्पेशन वीवीएस लक्ष्मण को भी इसमें जगह नहीं दी गई है।

**नासिर और एथर्टन ने चुनी टीम**

इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और माइकल एथर्टन ने यह 21वीं सदी की भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों की बेस्ट प्लेइंग-11 चुनी है। उन्होंने ऐसा स्काई स्पोर्ट्स पर बातचीत के दौरान किया। ओपनिंग की जिम्मेदारी वीरेंद्र सहवाग और एलिस्टेयर कुक को दी गई है। कुक टेस्ट में इंग्लैंड के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं, सहवाग को किसी भी गेंदबाजी लाइन अप की बखिया



उधेड़ने में महारत हासिल है।

**द्रविड़ और सचिन को दी जगह :** नासिर और एथर्टन ने तीसरा स्थान राहुल द्रविड़ को दिया है। द्रविड़ किसी भी गेंदबाज को थकाने में माहिर थे। वहीं, उनकी कप्तानी में भारत ने 2007 में पिछली बार इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज जीती थी। वहीं, नंबर चार पर इंग्लैंड के लिए जो रूट बल्लेबाजी करते हैं, जबकि भारत के लिए विराट कोहली बल्लेबाजी करते थे। दोनों ही मौजूदा समय के दो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं और फैब-4 का हिस्सा हैं। हालांकि, नासिर और एथर्टन ने इन दोनों को शामिल न करके नंबर-चार पर दुनिया के महानतम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को खिलाया है। नंबर चार पर तेंदुलकर ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

**पीटरसन और पंत भी टीम में:** वहीं, पांचवां नंबर केविन पीटरसन को दिया गया है। पीटरसन अपने स्टायलिश अंदाज से किसी भी गेंदबाज की धुनाई कर सकते हैं। वहीं, विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत को प्लेइंग-11 में शामिल किया है। नासिर और एथर्टन ने पेस बॉलिंग ऑलराउंडर के तौर पर बेन स्टोक्स को टीम में शामिल किया है और प्लेइंग-11 में एकमात्र स्पिनर रविचंद्रन अश्विन हैं। हैरानी की बात यह है कि इसमें न तो अनिल कुंबले हैं और न ही हरभजन सिंह और न ही ग्रीम स्वान। अश्विन जिन्हें इंग्लैंड दौरे पर बेंच पर बैठा दिया जाता था, उन्हें इसमें शामिल किया गया है। हालांकि, इंग्लैंड के भारत दौरे पर जरूर अश्विन ने कहर बरपाया। वहीं, नासिर और एथर्टन ने तीन पेसर के तौर पर स्टुअर्ट ब्रॉड, जसप्रीत बुमराह और जेम्स एंडरसन को शामिल किया है।

**नासिर और एथर्टन की भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों से बनी 21वीं सदी की सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11रू** वीरेंद्र सहवाग, एलिस्टेयर कुक, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, केविन पीटरसन, बेन स्टोक्स, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, स्टुअर्ट ब्रॉड, जसप्रीत बुमराह, जेम्स एंडरसन।

## फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज में विश्व नंबर एक को हराने के लिए दिव्या ने बनाई थी खास

**नई दिल्ली :** भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा है कि उन्हें फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम शतरंज चैंपियनशिप में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को हराने के लिए पूरी ताकत लगानी पड़ी और उनकी इस उपलब्धि की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रशंसा की।

दिव्या देशमुख ने 10 से 16 जून को लंदन में आयोजित फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में चीन की यिफान को हराया। दिव्या ने कहा, 'मुझे पता था कि मुझे पूरी ताकत लगानी होगी।

## फीफा क्लब वर्ल्ड कप: मेसी के फ्री-किक गोल से इंटर मियामी ने पोर्टो को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली।** फीफा क्लब वर्ल्ड कप में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में लियोनेल मेसी की ट्रेड मार्क फ्री-किक की बदौलत इंटर मियामी ने पुर्तगाली क्लब पोर्टो के खिलाफ 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही एमएलएस क्लब इंटर मियामी ने ग्रुप-ए से अगले दौर में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत कर लिया है।




पहले हाफ में सैमू आगहेहोवा के पेनल्टी गोल से पोर्टो को शुरूआती बढ़त मिली, लेकिन दूसरे हाफ में इंटर मियामी ने जोरदार वापसी की। पहले टेलास्को सेगोविया ने बराबरी का गोल दागा और फिर 54वें मिनट में मेसी ने एक शानदार फ्री-किक के जरिए अपनी टीम को जीत दिलाई। मैच की शुरूआत में पोर्टो ने आक्रामक खेल दिखाया और 8वें मिनट में उन्हें पेनल्टी मिली, जिसे वीएआर समीक्षा के बाद मंजूरी दी गई। इंटर मियामी के डिफेंडर नोआ एलेन द्वारा जोआओ मारियो को बॉक्स में हल्का सा टच करने पर रेफरी ने पेनल्टी दी।

स्पेनिश खिलाड़ी सैमू आगहेहोवा ने गोलकीपर ऑस्कर उस्तारी को छकाकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी, हालांकि उस्तारी ने गेंद को हाथ लगाया लेकिन रोक नहीं सके।

लियोनेल मेसी ने शुरूआत से ही रचनात्मक भूमिका निभाई। उन्होंने अनुभवी स्ट्राइकर लुइस सुआरेज को एक शानदार गेंद थ्रू की, लेकिन सुआरेज ऑफसाइड थे और गोलकीपर क्लाउडियो रामोस ने भी अच्छा बचाव किया।

## खिताबः पेरिस डायमंड लीग में नीरज को मिलेगी वेबर-एंडरसन से चुनौती

**नई दिल्ली :** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होंगी जब उनका सामना शुक्रवार को पेरिस डायमंड लीग में जूलियन वेबर से होगा। 90 मीटर की बाधा पार कर चुके नीरज की टक्कर डायमंड लीग के दूसरे चरण में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से भी होगी। भाला फेंक स्पर्धा में कुल आठ दावेदार होंगे जिनमें पांच 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं।

**दोहा डायमंड लीग में वेबर ने दी थी चोपड़ा को मात:** वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्षीय वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। वेबर ने 86.12 मीटर और चोपड़ा ने 84.14 मीटर का थ्रो फेंका था। पीटर्स दोनों में तीसरे स्थान पर रहे थे।

**वेबर से पिछली हार का बदला लेना चाहेंगे नीरज:** पेरिस में चोपड़ा की नजरें वेबर से पिछली दोनों हार का बदला चुकता करने की होगी। वह डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ साल बाद खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल ओलंपिक पर फोकस करने के लिये पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया। पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने रजत पदक जीता था। उन्होंने 2017 में पेरिस डायमंड लीग में जूनियर विश्व चैम्पियन के तौर पर खेलकर पांचवां स्थान हासिल किया था।

**पेरिस डायमंड लीग के बाद इन लीग में भाग लेंगे नीरज:** चोपड़ा और वेबर के अलावा पीटर्स भी 2022 में 90 मीटर की बाधा पार कर चुके हैं। कीनिया के 2015 विश्व चैम्पियन जूलियस येगो और त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता केशोर्न वालकॉट भी 90 मीटर क्लब में शामिल हैं जिन्होंने 2015 में यह कारनामा किया था। इनके अलावा पेरिस डायमंड लीग में ब्राजील के लुईज मौरिशियो डा सिल्वा , मोलडोवा के एड्रियन मारडारे और फ्रांस के रेमी रूजेटे भी भाग लेंगे। पेरिस डायमंड लीग के बाद चोपड़ा 24 जून से चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में भाग लेंगे। इसके बाद पांच जुलाई को बेंगलुरू में नीरज चोपड़ा क्लासिक खेलेंगे।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 21 जून 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## अवध असम एक्सप्रेस ट्रेन की टक्कर से ट्रॉलीमैन की मौत

**कटिहार।** अवध असम एक्सप्रेस (15910) ट्रेन ने रेलवे ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे एक ट्रॉलीमैन की मौत हो गई और 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कटिहार बरौनी रेल खंड के काढागोला और सेमापुर के बीच महारानी गांव के पास हुआ। ट्रेन बरौनी से कटिहार डाउन लाइन पर आ रही थी, जब उसने रेलवे ट्रॉली को टक्कर मार दी। ट्रॉली पर 4 कर्मचारी ट्रैक का काम देख रहे थे। हादसे के बाद ट्रेन कटिहार जंक्शन में एक घंटे से ज्यादा देर तक खड़ी रही। हादसे की जानकारी लगते ही रेलवे के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। कटिहार रेलमंडल के एडीआरएम मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मेडिकल टीम को रवाना कर दिया गया है और ट्रेन और ट्रॉली एक ट्रैक पर कैसे आ गए, इसकी जांच की जा रही है।

## जयराम प्रसाद बने पूर्वी चंपारण उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष

**पूर्वी चंपारण।** जिला उपभोक्ता आयोग के प्रभारी अध्यक्ष के रूप में शुक्रवार को पूर्व न्यायाधीश जयराम प्रसाद ने अपना पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाल लिया। वे वर्तमान में सिवान जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हैं तथा बेतिया पश्चिमी चंपारण जिला उपभोक्ता आयोग के प्रभारी अध्यक्ष भी हैं। पूर्व अध्यक्ष न्यायाधीश गिरीश मिश्रा का कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण कई माह से उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष का पद खाली चल रहा था तथा वादों के निष्पादन में देरी हो रही थी। उनके पदस्थापना से उपभोक्ता मामले के वादों के निष्पादन में तेजी आएगी। आयोग के सदस्य संजीव कुमार, कार्यालय कर्मी सुशील कुमार, पप्पू प्रसाद, संजीव कुमार आदि ने नव पदस्थापित अध्यक्ष को बुके देकर स्वागत किए। न्यायाधीश जयराम प्रसाद बेतिया अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पद से सेवानिवृत हुए हैं। उनके जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष बनने पर जिला विधिज्ञ संघ के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं में आपार हर्ष है। संघ के महासचिव राजीव कुमार द्विवेदी उर्फ पप्पू दूबे ने कहा कि वर्तमान परिवेश में उपभोक्ताओं के लिए जिला उपभोक्ता आयोग मील का पत्थर है। उनके अध्यक्ष बनने पर अधिवक्ता ब्रजनंदन प्रसाद, अमरनाथ प्रसाद,दिनेश्वर प्रसाद, धनंजय कुमार, मनोज तिवारी, आनंद बिहारी, प्रणव प्रियदर्शी, फरहद प्रवीण , उमेश कुमार, राजीव कुमार, एस एन तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# देश में बने हर 10 में छह किलोमीटर एक्सप्रेस-वे यूपी के होंगे

## आजमगढ़ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर सीएम योगी ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे किया जनता को समर्पित

विकास पर बल

**आजमगढ़ से गोरखपुर तक 91.352 कि.मी. लंबा लिंक एक्सप्रेसवे 7,283 करोड़ की लागत से किया तैयार**

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ।** भारत के बुनियादी ढांचे के नक्शे पर उत्तर प्रदेश अब सबसे दमदार हस्ताक्षर कर रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे के राष्ट्र को समर्पण के साथ ही उत्तर प्रदेश देश के कुल एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का 42 फीसदी हिस्सा अकेले अपने नाम कर चुका है। अभी तक यह 38 प्रतिशत था। यही नहीं, मेरठ से प्रयागराज तक बन रहे गंगा एक्सप्रेस-वे (594 किमी) का उद्घाटन होने के बाद उत्तर प्रदेश में अकेले देश का एक्सेस कंट्रोल्ड नेटवर्क 62 फीसदी हो जाएगा। यानी देश में बने हर 10 किलोमीटर एक्सप्रेसवे में से छह किलोमीटर






एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में होंगे। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश में कई और एक्सप्रेसवे निमार्णाधीन हैं, जबकि कई नए एक्सप्रेसवेज को शासन द्वारा मंजूरी दी गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के अनुसार, देशभर में जहां कुल 2900 किमी एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेस-वेमौजूद हैं। वहीं 1200 किमी से ज्यादा एक्सप्रेस-वे अकेले उत्तर प्रदेश में हैं। यह पूरे देश के कुल एक्सप्रेस-वे के नेटवर्क का 38 प्रतिशत है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे के जुड़ने से यह आंकड़ा अब बढ़कर 42 फीसदी हो गया है। मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही गंगा एक्सप्रेस-वे भी इसका हिस्सा होगा, जिसके जुड़ने से उत्तर प्रदेश का कुल शेयर 62 प्रतिशत से ज्यादा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण न सिर्फ भौगोलिक बाधाओं को पार किया हुआ है, बल्कि यह पूर्वांचल की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर को भी बदलने जा रहा है। इसे बनाने में 7200 करोड़ रुपये की लागत आई है, जिसमें 3400 करोड़ रुपये इसे बनाने में और शेष भूमि अधिग्रहण और अन्य मदों में खर्च किया गया है। इसके लिए 22 हजार किसानों से 1100 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है।

**यूपी सर्वाधिक एक्सप्रेस-वेवाला राज्य:** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे उत्तर प्रदेश का सातवां एक्सप्रेस–वे है। इसके अतिरिक्त तीन निमार्णाधीन और 8 प्रस्तावित हैं। प्रदेश का सबसे लंबा एक्सप्रेस–वे गंगा एक्सप्रेस–वे (594 किमी.), बलिया लिंक एक्सप्रेस–वे (35 किमी.) और लखनऊ-कानपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे (63 किमी.) तेजी से पूर्ण हो रहे हैं।

चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस–वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस–वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेस–वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे एवं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस–वे को वाया फरूर्खाबाद, गंगा एक्सप्रेस–वे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेस–वे तथा जेवर एयरपोर्ट लिंक एक्सप्रेस–वे का निर्माण गतिमान है। उत्तर प्रदेश अकेला राज्य है, जहां 2000 किमी से अधिक एक्सप्रेस–वे नेटवर्क की योजना पर काम हो रहा है।

## नेपाल से दिल्ली की दूरी और समय भी कम करेगा लिंक एक्सप्रेसवे

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों से शुक्रवार को हुए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के भव्य लोकार्पण ने नेपाल आने–जाने वाले यात्रियों की सहूलियतें भी बढ़ा दी हैं। इसके साथ ही यूपी का एक अत्यंत महत्वपूर्ण एक्सप्रेसवे अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पहुंच गया है, जहां से यात्रियों को वाया पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, आगरा एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे नई दिल्ली तक की यात्रा बेहद सुखद हो जाएगी। 91 किलोमीटर लंबा फोरलेन एक्सप्रेसवे गोरखपुर से आजमगढ़ तक फैला है और नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह मार्ग नेपाल से आने–जाने वाले यात्रियों के लिए सुगमता और सामरिक दृष्टि से भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार को भी इससे अत्यंत लाभ होगा।

**मरीजों, पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए वरदान साबित होगा एक्सप्रेसवे**

नेपाल आने जाने वाले यात्रियों के लिए यह एक्सप्रेसवे एक वरदान है। गोरखपुर, जो आगे महाराजगंज में सोनौली बॉर्डर के जरिए नेपाल से जुड़ा है। नेपाल से आने और नेपाल जाने वाले पर्यटकों और तीर्थयात्रियों का प्रमुख प्रवेश द्वार है। इसके साथ ही यह एक्सप्रेसवे नेपाल से बीमारी का इलाज कराने आने वाले रोगियों और उनके तीमारदारों के लिए भी वरदान साबित होगा। यह एक्सप्रेसवे गोरखपुर से लखनऊ तक का सफर केवल साढ़े तीन घंटे में पूरा करेगा।

## मुख्यमंत्री धामी पहुंचे भराड़ीसैण



**गोपेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन भराड़ीसैण में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए प्रदेश से मुखिया पुष्कर सिंह धामी भराडीसैण पहुंच गए है। यहां पहुंचने पर सीएम का पारंपरिक तौर स्वागत किया गया। गौरतलब है कि 21 जून को भराड़ीसैण में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सूबे के मुख्यमंत्री के साथ ही दस देशों के राजदूत भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से व्यवस्थाओं को चाक चौबंद कर दिया गया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री

## राष्ट्र की अखंडता के लिए कार्य करें: राज्यपाल

स्थापना दिवस

**राजभवन में गोवा, सिक्किम, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल राज्यों का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया**

टीम एक्शन इंडिया

**जयपुर।** राजभवन में शुक्रवार को गोवा, सिक्किम, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल राज्यों का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इस दौरान इन राज्यों के स्थानीय निवासियों को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनसे संवाद किया। उन्होंने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना के तहत राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि विविधता में एकता की हमारी संस्कृति से हम सदा जुड़े रहें। उन्होंने राज्यों के निवासियों को अपनी मातृभूमि



और वहां की परम्परा, संस्कृति से जुड़े रहने के साथ जहां निवास कर रहे हैं उस राज्य के विकास में सहभागी बनने का भी आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि गोवा आजादी के बाद भी पुर्तगाल के कब्जे में था। इसके लिए बाकायदा सत्याग्रह आंदोलन हुआ। महाराष्ट्र और दूसरे राज्यों से लोगों ने गोवा मुक्ति संग्राम में भाग लिया। कर्नाटक केसरी कहे जाने वाले जगन्नाथ जोशी सहित सुधीर फड़-के आदि ने गोवा की आजादी में महती भूमिका निभाई। उन्होंने गोवा को देश का सुंदर पर्यटन स्थल बताते हुए वहां की लोक संस्कृति से भी प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने तेलंगाना के नए राज्य बनने की चर्चा करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों की ही राजधानी हैदराबाद रखी गयी।

## खान विभाग 1670 करोड़ का राजस्व अर्जित किया

**जयपुर।** खान एवं भू–विज्ञान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने माइनिंग सेक्टर में राजस्व बढ़ोतरी के समन्वित प्रयास करने के निर्देश देते हुए निर्धारित शतप्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 17 जून तक 1670 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ है जो इसी अवधि का अब तक का सर्वाधिक राजस्व है। उन्होंने विभागीय गतिविधियों में पारदर्शिता लाने की दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए माइनिंग से जुड़ी सभी एप्लीकेशन्स को ऑनलाईन करने के निर्देश दिए हैं।

## मार्च 2026 तक नक्सलवाद का जड़ से होगा सफाया : मुख्यमंत्री साय

टीम एक्शन इंडिया

**रायपुर।** इच्छाशक्ति, संवेदना और समावेशी नीति से हमने बस्तर में बदलाव की नई शुरूआत की है। बस्तर के युवाओं का आत्मबल ही हमारी प्रेरणा है और हम सब मिलकर नया बस्तर गढ़ेंगे। आप सभी ने पहली बार राजधानी रायपुर को देखा है, आप सभी का यहां स्वागत है और आपकी यह यात्रा सुखद और चिरस्मरणीय हो। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज शुक्रवार को अपने निवास में प्रदेश के सुदूर और नक्सल



प्रभावित बीजापुर जिले के नियद नेल्ला नार ग्राम पंचायतों के 96 युवक-युवतियों के दल से आत्मीय संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 'नियद नेल्ला नार' जैसी योजनाओं के माध्यम से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास की नई राह खोल रही है। उन्होंने कहा कि आप छत्तीसगढ़ के भविष्य हैं और आप सभी की भागीदारी से ही हम बस्तर क्षेत्र और प्रदेश को आगे लेकर जायेंगे।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में 'नीट यूजी 2025' परीक्षा में पूरे भारत में पहला स्थान प्राप्त करने वाले हनुमानगढ़ के छात्र महेश कुमार ने अपने परिजनों के साथ मुलाकात की।

## इंस्टाग्राम आईडी के जरिए जुड़ा: शातिरों ने 2.55 लाख ऐंठे

**जोधपुर:** शहर के सोजती गेट के अंदर सिलावटों का बास में रहने वाले मार्बल कारीगर से शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 2.55 लाख रूपयों की धोखाधड़ी कर ली गई। शातिरों ने शुरूआत में निवेश के नाम पर मुनाफा दिया बाद में उसे उलझाया और रकम ठग ली। पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर पहले इसकी शिकायत दी, मगर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। अब सदर बाजार थाने में आईटी एक्ट एवं धोखाधड़ी में रिपोर्ट दी गई है।

बधाई दी

*बंगाल की भूमि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के जन जागरण की प्रेरणा रही है: राज्यपाल*

## राजभवन में मनाया गया पश्चिम बंगाल का स्थापना दिवस

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून।** राजभवन में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने उपस्थित सभी बंगाल के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बंगाल की भूमि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के जन जागरण की प्रेरणा रही है। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) सहित उत्तराखंड में निवास कर रहे पश्चिम बंगाल के लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के लोगों की ओर से अपनी समृद्ध संस्कृति पर



आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए।

इस मौके पर राज्यपाल ने बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला, नृत्य और साहित्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रदेश गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और स्वामी विवेकानंद जैसी महान विभूतियों की जन्मस्थली रही है, जिन्होंने भारत को वैश्विक पटल पर गौरवान्वित किया। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल हमें एक-दूसरे की संस्कृति, भाषा और परंपराओं को जानने का अवसर देते हैं, बल्कि भारत की अनेकता में एकता की भावना को भी प्रबल करते हैं। उन्होंने इस नई परंपरा को देश की एकता और अखंडता के लिए एक अनूठा प्रयास बताया। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन में मनाए जाने वाले विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य स्थापना दिवस पर आधारित कॉफी टेबल बुक एक भारत-श्रेष्ठ भारत का विमोचन किया।

